e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 314
बुधवार
20.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
राह संघर्ष की जो चलता है वो ही संसार को बदलता है, जिसने रातो से जंग जीती सूर्य बनकर वही निकलता है!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# डायन बिसाही के विवाद में चाचा ने भतीजे को पीट-पीट कर मार डाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** पलामू जिले अंतर्गत रेहला थाने के उरसुला गांव में डायन विषाही को लेकर हुई विवाद में चाचा ने अपने परिजनों व रिश्तेदारों के साथ मिलकर बीस वर्षीय भतीजे को पीट-पीट कर मार डाला. इस मामले में मृतक के परिजनों ने सात लोगों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कराया है. पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी कर रही है.मिली जानकारी के अनुसार रेहला थाने के उरसुला गांव निवासी गुड्डु पासवान व राधेश्याम पासवान के बीच पिछ्ले एक वर्ष से डायन विषाही को लेकर विवाद चल रहा था. राधेश्याम पासवान व उसके परिजन गुड्डु पासवान की पत्नी रेणु देवी को डायन कह कर प्रताड़ित करते रहते थे. जिसको लेकर दोनों पक्षों ने पहले भी कई बार झड़प हो चुका था. रविवार को शाम करीब पांच बजे गुड्डु पासवान का छोटा बेटा योगेंद्र अपना आलू की बुआई करके घर लौट रहा था. इसी बीच राधेश्याम पासवान और उसके परिजन योगेंद्र के साथ उलझ गए और मारपीट शुरू कर दी. उन लोगों ने योगेंद्र को तब तक बेरहमी से मारते रहे,जब तक वह बेहोश नहीं हो गया.योगेंद्र को बचाने जब उसके पिता गुड्डु पासवान और उसकी मां रेणु देवी पहुंची तो इन दोनों को भी लाठी डंडे से पीटा गया.जिससे इन दोनों के शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई है.ग्रामीणों ने घटनास्थल से किसी तरह गंभीर रूप से घायल योगेंद्र और उसके माता पिता को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद योगेंद्र को मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया गया. जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी. मृतक के परिजनों ने राधेश्याम पासवान, उसके दामाद कोशियारा निवासी मुकेश पासवान, बेटा लवकुश पासवान, पत्नी सोनी देवी, पुत्री बबिता देवी, टुनटुन कुमार समेत सात लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है. रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि फर्द ब्यान के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है. हालांकि अभीतक किसी आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है. इधर घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. वहीं गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# कार व मोटरसाइकिल में टक्कर, तीन घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के चियांकी हवाई अड्डा के पास कार और मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर में मोटरसाइकिल और कार पर सवार करीब तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टिओपी 2 प्रभारी अनिल सिंह, टाइगर मोबाइल के जवान सूर्यनाथ सिंह, मुकेश सिंह, राजेश चंद्रवंशी सहायक पुलिस के जवान जयंत दुबे घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। वहीं घटना के बाद पुलिस दोनों वाहनों को जप्त कर थाना ले गई है।

## घर के बाहर लगे ट्रैक्टर की चोरी, जांच में जुटी पुलिस



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के उंटारी थाना क्षेत्र के भीतिहारा गांव निवासी नवल राम का ट्रैक्टर जेएच03 ए एफ 5531 की बीती रात चोरी हो गई। इस संबंध में नवल राम के पुत्र रंजीत कुमार ने बताया की बीती रात उनके घर के बाहर ट्रैक्टर लगा हुआ हुआ था। सुबह उठ कर देखा तो घर के बाहर ट्रैक्टर नहीं था।इसके बाद घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा का हमने जांच किया तो पता चला की एक व्यक्ति देर रात घर के बाहर लगे ट्रेक्टर को लेकर जा रहा है। परंतु उसका चेहरा साफ दिखाई नहीं दिया। इसके बाद भुक्तभोगी के द्वारा इस घटना की जानकारी उंटारी थाना की पुलिस को दी गई। ट्रैक्टर चोरी होने की घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

## नगर पंचायत वासियों को मिलेगा नि:शुल्क नल-जल कनेक्शन



**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत मझिआंव के वासियों को नल-जल योजना के तहत निःशुल्क कनेक्शन देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने नगर पंचायत कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी नगर पंचायत वासी अपने-अपने घरों का होल्डिंग टैक्स जमा करके निशुल्क कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, बाद में कनेक्शन लेने पर विलंब शुल्क और अतिरिक्त चार्ज लग सकता है।शैलेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में दो बड़ी पानी की टंकियां बनाई गई हैं। पहली टंकी मझिआंव शहर के रेफरल अस्पताल के पीछे स्थित है, जिसकी क्षमता 1750 किलोलीटर है। दूसरी टंकी भुसुआ गांव में स्थित है, जिसकी क्षमता 750 किलोलीटर है। इन टंकियों के माध्यम से शहरी नल-जल आपूर्ति योजना के तहत बहुत जल्द घर-घर पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी। **गर्मी में होती है पानी की भारी समस्या :** नगर पंचायत क्षेत्र में गर्मियों के दौरान पानी की घोर किल्लत होती है। खासकर वार्ड संख्या 4, 5, 6 और 7 में पानी की समस्या अधिक रहती है। इसको ध्यान में रखते हुए सबसे पहले इन वार्डों में नल-जल योजना का लाभ दिया जा रहा है। शेष वार्डों में भी जल्द ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।4412 होल्डिंग टैक्सधारी परिवारों को मिलेगा लाभ शैलेश कुमार ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 4412 होल्डिंग टैक्सधारी परिवार हैं। गर्मियों में पानी की मांग को देखते हुए अब यह योजना तेजी से लागू की जा रही है। वर्तमान में पानी की आपूर्ति के लिए टैंकर का सहारा लेना पड़ता है, लेकिन इससे सभी की जरूरतें पूरी नहीं हो पातीं। नगर पंचायत के नागरिक पिछले कई वर्षों से शहरी नल-जल आपूर्ति योजना के तहत पानी की सप्लाई का इंतजार कर रहे थे। अब इस योजना के लागू होने से लोगों को घर-घर पानी की सुविधा मिलेगी और पानी की समस्या से काफी हद तक निजात मिलेगी।

## इलाज के दौरान 53 वर्षीय चौकीदार ललन राम की मौत



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पांडू थाना क्षेत्र के डाला कला पंचायत के चौकीदार ललन राम उम्र 55 वर्ष की इलाज के दौरान मौत हो गई।इस संबंध में परिजनों ने बताया की चौकीदार ललन राम करीब पांच दिन से बीमार चल रहे थे।इसी बीच परिजनों के द्वार उन्हें इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुवे मंगलवार की सुबह उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए रांची रिम्स लेकर जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में उनकी मौत हो गई।वही मौत के बाद परिजन उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल पहुंच कर परिजनों ने चौकीदार ललन सिंह की मौत की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दिया। जानकारी मिलने पर शहर थाना के एसआई गुलशन बिरूआ अस्पताल पहुंच कर शव का इंक्वेस्ट कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## दिल में दर्द उठने के बाद ट्रक ड्राइवर की मौत, प्रेमिका ने पहचानने से किया इनकार

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाब के रहने वाले एक ट्रक ड्राइवर की पलामू में मौत हो गई है. जानकारी के अनुसार ट्रक ड्राइवर को अचानक दिल में दर्द उठा था. इसके बाद वह पास के डॉक्टर के पास गया. डॉक्टर ने जांच कर दवा लिख दी. दवा लेने के बाद जैसे ही वह क्लीनिक से बाहर निकला, बीच सड़क पर उसकी मौत हो गई. मृतक ट्रक ड्राइवर जसविंदर पंजाब के फरीदकोट का रहने वाला था. बाद में ट्रक मालिक और पलामू पुलिस की पहल पर ट्रक ड्राइवर का अंतिम संस्कार किया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जसविंदर सिंह उर्फ जसबीर ओडिशा से ट्रक लेकर पंजाब के लुधियाना जा रहा था. इसी क्रम में पलामू के डालटनगंज के पास जसविंदर के दिल में दर्द उठा था. उसने तत्काल इसकी जानकारी ट्रक के मालिक को दी. ट्रक मालिक ने डॉक्टर से इलाज करवाने की सलाह दी।जसविंदर रेड़मा के इलाके में एक निजी क्लीनिक में डॉक्टर से चेकअप करवाने के बाद दवा खरीदी. इसके बाद वह जैसे ही रोड पर आया अचानक गिर पड़ा. गिरने के बाद उसकी मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने उसे उठाकर एमएमसीएच ले गए।इधर, मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मोबाइल नंबर के माध्यम से ट्रक के मालिक और उसके साथियों से संपर्क किया और घटना की जानकारी दी।

# संत मरियम विद्यालय में स्काउट व गाइड का चार दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** कजरी स्थित संत मरियम विद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देशन में भारत स्काउट और गाइड के द्वारा स्काउट/गाइड प्रथम व द्वितीय सोपान का चार दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने अपने संबोधन से शिविर का आगाज किया। तत्पश्चात इस शिविर का मुख्य जिला प्रशिक्षक सोनू कुमार पांडे ने अपना प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ किया। उक्त मौके पर श्री कुमार आदर्श ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य बच्चों को जीवन कौशल, साहसिक गतिविधियां और सामूहिकता की भावना से परिचित कराना है, जिससे वे बेहतर नागरिक बन सकें। इस शिविर का आयोजन बच्चों को आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से किया गया है। हमारे बच्चे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए तैयार हों और इस शिविर के माध्यम से उन्हें यही शिक्षा दी जा रही है। आगे उन्होंने कहा कि यह शिविर बच्चों के लिए न केवल एक शैक्षिक अवसर है, बल्कि उन्हें जीवन के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का एक शानदार मंच भी है। इस शिविर में सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया साथ ही इस दौरान कई अन्य शिक्षक भी मौजूद रहें।

# दो पिस्टल और दो गोली के साथ तीन युवक गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू पुलिस ने हुसैनाबाद से दो पिस्तौल, दो गोली और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के इमलियाबांध पुल के पास एक अपाची मोटरसाईकिल खड़ा था। वहां पर तीन लड़के थे, जो हथियार खरीद बिक्री का बात कर रहे थे। जिसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देते हुए थाना से सशस्व बल के साथ प्रस्थान किया जैसे ही इमलियाबांध पुल पर पहुंचे तो देखा गया कि तीनो लड़का मोटरसाईकिल खड़ा कर पुल पर बैठे हुए थे। पुलिस गाड़ी को देखते ही उक्त तीनो भागने लगे तो सशस्त्र बल के सहयोग से घेरा बंदी कर तीनो को पकड़ लिये जिसका विधिवत तलाशी लेने पर मनीष कुमार यादव तथा इन्द्रजीत कुमार के पास से एक-एक देशी कट्टा व एक-एक जिन्दा गोली एवं चोरी का एक काला रंग का अपाची मोटरसाईकिल बरामद किया गया है। अवैध हथियार के बारे में पुछताछ करने पर पता चला कि चंदन कुमार पासवान नें मनीष कुमार यादव एवं इन्द्रजीत कुमार को बेचने आया था। तीनों का गिरफ्तार कर लिया गया। छापामारी दल में संजय कुमार यादव थाना प्रभारी, हुसैनाबाद सहित अन्य शामिल थे।

## स्कॉर्पियो और बुलेट की टक्कर में तीन व्यक्ति घायल, एक की स्थिति गंभीर, रांची रेफर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के जेल जाता ओवर ब्रिज के पास सोमवार की रात स्कॉर्पियो और बुलेट बाइक की टक्कर में बुलेट पर सवार तीन व्यक्ति गंभीर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में अंकित कुमार उम्र 25, संदीप कुमार 22, गोबिंद सिंह उम्र 24 वर्ष का नाम शामिल है। घटना के बाद राहगीरों के द्वारा घटना की जानकारी शहर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही शहर थाना के एसआई गुलशन बिरूआ, टिओपी वन प्रभारी इंद्रदेव पासवान, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश सिंह, सहायक पुलिस के जवान प्रफुल्ल कुमार सिंह और पुलिस जवान नंदलाल पटेल घटनास्थल पर पहुंच कर तीनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी चिकित्सको ने एक व्यक्ति अंकित कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है।वही अन्य दो घायल संदीप कुमार और गोबिंद कुमार का इलाज मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही चल रहा है।वही जानकारी मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में दोनों घायलों का इलाज करवा रहे हैं। घटना के बाद स्कार्पियो चालक फरार है। वहीं घटना के बाद शहर थाना की पुलिस स्कॉर्पियो और बुलेट दोनों वाहनों को जप्त कर थाना ले गई है।

## अवैध संबंध के कारण हुई हत्या: पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** नगर उंटारी थाना क्षेत्र के अहिपुरवा में 15 नवंबर 2024 की सुबह रेलवे लाइनों के बीच एक युवक का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। पुलिस की तत्परता और गहन जांच के बाद इस सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी मोहन पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतक की पहचान जंगीपुर निवासी 26 वर्षीय राहुल कुमार के रूप में हुई थी। पुलिस जांच में यह पता चला कि राहुल का आरोपी मोहन पासवान की गर्लफ्रेंड के साथ अवैध संबंध था। पूछताछ में मोहन पासवान ने बताया कि उसने राहुल को इस संबंध में पहले भी चेतावनी दी थी। चेतावनी के बावजूद राहुल के न मानने पर उसने 14 नवंबर की रात को उसे शराब पिलाई और धारदार टांगी से हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार (टांगी), घटना के समय पहने गए कपड़े, जूते, और शराब पीने में इस्तेमाल डिस्पोजल गिलास व प्लास्टिक की बोतल को घटनास्थल से बरामद कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई ने हत्या की गुत्थी को सुलझाते हुए आरोपी को न्याय के कटघरे में खड़ा कर दिया है। मामले की जांच जारी है।

## नगर आयुक्त के निर्देश पर सिंचाई विभाग कॉलोनी में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर मंगलवार को सिटी मैनेजर कुमार अनुराग के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन द्वारा सिंचाई कॉलोनी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।इस दौरान झोपड़ीनुमा सीमेंटेड दुकानों को बुलडोज़र से ध्वस्त किया गया।

**क्या है पूरा मामला**

दरअसल,विगत कुछ दिनों से आमजनों द्वारा सिंचाई विभाग कॉलोनी में अतिक्रमण की शिकायत नगर निगम प्रशासन को किया गया था जिसके बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा जांच में पाया गया कि सड़क के एक तरफ कुछ दुकान अवैध रूप से बनाया गया है जहां आये दिन असामाजिक तत्व नशा करते हैं जिससे कि आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।नगर निगम के जांच में अतिक्रमण की पुष्टि हुई जिसके पश्चात बुलडोजर के माध्यम दुकानों को ध्वस्त किया गया। इस संबंध में नगर आयुक्त ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में विभिन्न स्थानों पर लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है आगे भी शहर में इस तरह का अभियान चलाया जाएगा।

# अमन ऑटो मोबाइल ने विश्रामपुर में खोला हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पहला सीएनजी पंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल में पहली बार बीमोड-विश्रामपुर मुख्यपथ पर बरवाडीह में संचालित अमन ऑटोमोबाइल परिसर में सोमवार को विधिवत पूजा अर्चना के बाद हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पहला सीएनजी पंप का शुभारंभ किया गया. हिन्दुस्तान पेट्रोलियम के अधिकारियों व स्थानीय गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सोमवार को पंप का विधिवत उद्घाटन हुआ. उद्घाटन के अवसर पर मां शारदा ऑटोमोबाइल के प्रो.नंदलाल पांडेय, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, अमन ऑटोमोबाइल के प्रो.प्रेमशंकर दुबे उर्फ प्रेमा दुबे,एस्सार पम्प के प्रो.मुन्नू पांडेय, सतीश चौबे, संजय उपाध्याय, सोनू दुबे , उज्ज्वल कुमार, ट्रांसपोर्टर लालबाबू शुक्ला, रमेश चौबे ,सीएनजी कंपनी के अधिकारी जयब्रारा नंदा, राहुल अनान्द, अर्पित कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. शुभारंभ के मौके पर सीएनजी से चलने वाली कई कारों के मालिकों ने अपनी गाड़ियों में सीएनजी फीलिंग कराया. अपने शहर में सीएनजी मिलने से उनके चेहरे पर खुशियां साफ झलक रही थी.सीएनजी के टीएम चेतन कुमार ने बताया कि यह पेट्रोल व डीजल से सस्ता भी है और इससे गाड़ियां अधिक माइलेज भी देती है.इसके अलावा सीएनजी पर्यावरण का हितैषी भी है.जिसके कारण ही आज ग्राहक सीएनजी से चलने वाली गाड़ियां अधिक पसंद कर रहे हैं. ईंधन के रूप में इसके उपयोग से जेब पर भी कम भार पड़ता है और गाड़ियां माइलेज भी ज्यादा देती हैं.अमन ऑटोमोबाइल व सीएनजी पंप के मालिक प्रेमशंकर दुबे ने बताया कि विश्रामपुर में सीएनजी पंप खुलने से अब ग्राहकों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा.पहले सीएनजी से चलने वाली गाड़ियों को फिलिंग के लिए जिला मुख्यालय ले जाना पड़ता था. अब पूरी सुरक्षा के साथ सारी सुविधा यहां उपलब्ध रहेगा. मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पूर्व नप उपाध्यक्ष बढ़कू सिंह, अशोक दुबे, विवेक दुबे, राजेंद्र केशरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# 23 नवंबर को मतगणना करने वाले कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के तहत शनिवार को गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज स्थित स्ट्रांग रूम में सुबह 8 बजे से मतगणना होनी है। इस दिन जिन कर्मचारियों को मतों की गणना करनी है, उनमें मतगणना पर्यवेक्षक मतगणना सहायकों व माईक्रोआर्जवर शामिल हैं। ऐसे सभी कर्मियों को गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज के 17 अलग-अलग कमरों में प्रशिक्षण दिया गया।यह प्रशिक्षण उप विकास आयुक्त सह प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी शब्बीर अहमद की देख-रेख में संपन्न कराया गया।सदर भूमि उप समाहर्ता प्यारे लाल अलग-अलग कमरों में काउंटिंग उपकरण के साथ सभी कर्मीयों को प्रशिक्षण देते नजर आये।इस दौरान 34 मास्टर ट्रेनर और 5 जिला ट्रेनर ने 700 से अधिक मतगणनाकर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सभी कर्मचारियों को मतगणना कार्य से जुड़े विभिन्न प्रपत्रों, प्रारूपों तथा रिपोर्टिंग के बारे में विस्तार से बताया। सभी को बताया कि मतगणना का काम अत्यंत जिम्मेदारी भरा और संवेदनशील प्रकृति का काम है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी लोग भलीभांति ट्रेनिंग लेकर अपनी बेहतर कार्यक्षमता के साथ ज़ीरो एरर पर काम करेंगे। काउंटिंग असिस्टेंट सी.यू डिस्प्ले और सी.यू के सील को जांच करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर द्वारा निर्धारित अनेक्सर को भरा जायेगा। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी शब्बीर अहमद ने सभी को स्पष्ट रूप से बताया कि मतगणना वाले दिन सभी मतगणना कर्मी अपने निर्धारित समयानुसार मतगणना स्थल पहुंचे कर अपनी उपस्थित मतगणना हॉल में दर्ज करायें। उन्होंने सभी कर्मियों को पोस्टल बैलेट और ईटीबीपीएस के माध्यम से प्राप्त मत पत्रों की गिनती से जुड़ी प्रक्रिया व सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 314

**सुविचार**

राह संघर्ष की जो चलता है वो ही संसार को बदलता है, जिसने रातो से जंग जीती सूर्य बनकर वही निकलता है!

# प्रभात मंत्र

बुधवार
20.11.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



## संक्षिप्त खबरें

### राजद नेता राजेश यादव का निधन, पार्टी में शोक

**रांची :** झारखंड में वरिष्ठ राजद नेता राजेश यादव का निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार देर रात रांची के सेवा सदन अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से पार्टी में शोक व्याप्त है। राजद के महासचिव कैलाश यादव ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से राजद को अपूरणीय क्षति हुई है। राजेश यादव, जो कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी सहयोगी माने जाते थे। उनका निधन हार्ट अटैक के कारण हुआ। इस दुखद घटना से कुछ ही समय पहले राजेश यादव ने अपने बेटे विशु विशाल को खो दिया था, जिनका निधन पिछले साल हुआ था। उनके निधन से राजद और उनके समर्थकों में गहरी शोकसंतप्त की भावना है।

### कलाकारों को भोजपुरी युवा विकास मंच ने किया सम्मानित

**रांची :** भोजपुरी युवा विकास मंच झारखंड एवं रिलेशंस ने मंगलवार को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी शक्तिपीठ मां छिन्नमस्तिका पर बन रही आज तक की सबसे पहली भोजपुरी फ्लिम जय मां छिन्नमस्तिके रजरप्पा वाली माई के सभी कलाकारों को सम्मानित किया गया। भोजपुरी युवा विकास मंच के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने सभी कलाकारों को शॉल, अंगवस्त्र और उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कांके पिठौरिया कि संचालिका बीके राजमती, जोहार फार्मा सियोटिकल के निदेशक अमित कुमार, जय श्रीवास्तव, झारखंड के फिल्म पीआरओ संजय पुजारी समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड की पहली आदिवासी महिला कल्पना सोरेन चुनाव में 98 जनसभाओं को किया संबोधित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा का यह नारा विकसित झारखंड गढ़ने की परिकल्पना है, हेमंत सोरेन के साथ खड़ी मंइया शक्ति कल्पना है। पूरे झारखंड के 81 विधानसभा सीटों पर धूम मचा दी है। ऊपर से दो सौ युनिट बिजली फ्री, किसानों की ऋण माफी और मंईयां सम्मान योजना ने सबको प्रभावित कर दिया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने भी जनसभा को संबोधित करके सबको चकित कर दी।

**कल्पना और उनका संबोधन:** कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री हेमंत की पत्नी हैं, लेकिन वे पहले गृहणी एक शिक्षिका भी थी, वे बरियातू स्थित एक स्कूल की संचालिका सह शिक्षिका हैं, बच्चों को शिक्षित कर रही थी, कि 2019 में हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री बने, और फिर 2020 में कोरोना संक्रमण काल आता है और देखते-देखते जमीन से संबंधित मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 31 जनवरी 2024 को इस्तीफा देना पड़ता है और उनकी गिरफ्तारी हो जाती है, तब झामुमो में मंत्री रहे चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बना दिया जाता है। इसी दौरान 3 मार्च 2024 को कल्पना सोरेन अपना जन्मदिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ होटवार जेल में जाकर मानती है और 4 मार्च 2024 को झारखंड मुक्ति मोर्चा का 51वां स्थापना दिवस गिरिडीह में मनाया जाता है । जहां कल्पना सोरेन पहली बार जनसभा को संबोधित करती है । यह पहली सभा है जहां वे अंतिम समय में उनकी आंखों से आंसू बहने लगती है, फिर क्या था, यहीं तय हो गया कि गिरिडीह जिला के गांडेय विधानसभा से वे चुनाव लड़ेंगी। इसके लिए गांडेय के जो तत्कालीन विधायक थे सरफराज अहमद इस्तीफा देते हैं।




उन्हें राज्यसभा भेजा जाता है और उनकी गांडेय सीट पर कल्पना सोरेन चुनाव लड़ती है और जीत हासिल करती है। फिर वे रुकती कहां है । 4 मार्च 2024 से लेकर 15 अक्टूबर 2024 को झारखंड विधानसभा के 81 सीटों पर दो चरणों में होने वाले चुनाव को लेकर चुनाव आयोग अधिसूचना जारी करती है और फिर 4 मार्च 24 से लेकर 15 नवंबर24 तक छोटी बड़ी करीब 85 जनसभाओं को संबोधित करती हैं। इसके बाद मतदान के दूसरे चरण के मतदान के 16 , 17 नवंबर तक तक मिलाकर करीब 98 जनसभाओं को संबोधित करती हैं। इसमें वे झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए वे वोट मांगने वाली पहली आदिवासी महिला बन गई है । उनकी स्टाइल , और उनकी बातें करने की तरीका ने राज्य की जनता को इस तरह लुभा गया की महिला तो महिला पुरुष भी उनका भाषण सुनने के लिए सभा स्थल तक पहुंचने लगे । हिंदी, संताली, ओड़िया, बंगाली और अंग्रेजी भाषाओं में संबोधन करना और मंच के पास आये ग्रामीण महिलाओं से उनके ही भाषा में बात करना और छोटे बच्चे को गोद पर उठाकर उनके साथ दुलार करना न सिर्फ झारखंड बल्कि दूसरे प्रदेशों में भी छा गई । कल्पना ने राज्य के 24 जिलों में सभा को संबोधित किया।

**भाजपा के दिग्गज:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी , गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, असम के मुख्यमंत्री व झारखंड बीजेपी के सह चुनाव प्रभारी हेमंत विस्वा सरमा, केंद्रीय कृषि मंत्री सह झारखंड के भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, यूपी के मुख्यमंत्री योगी नाथ आदित्य , एमपी के मुख्यमंत्री मोहन यादव, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी, भोजपुरी फिल्म अभिनेता सह भाजपा सांसद रवि किशन, हिंदी सिनेमा और भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती,लोजपा सांसद चिराग पासवान आदि ने संबोधित किया , लेकिन भाजपा ने कल्पना सोरेन के टक्कर में किसी भाजपा महिला को नहीं उतारा। भाजपा की ओर से असम मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा ने करीब 50 से अधिक सभाएं, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने करीब 50 चुनावी सभाओं को संबोधित किया है।

**कौन होगा सफल:** झारखंड विधानभा में कौन होगा सफल इसके लिए 23 नवंबर 2024 तक का करना होगा इंतेज़ार।

### दादी जी को साहस, निष्ठा और आशीर्वाद की देवी माना जाता है संजय सर्राफ

**रांची :** रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि राणी सती दादी जी का मंगसीर बदी नवमी 24 नवंबर को मनाया जाएगा। दादी जी की सभी मंदिरों में मंगसीर नवमी का महोत्सव चार दिनों तक बड़े ही उत्साह पूर्वक मनाया जाता है। राणी सती दादी जी को नारायणी देवी के नाम से भी जाना जाता है। वे संस्कृति और धर्म में साहस, त्याग और निष्ठा का प्रतीक मानी जाती हैं। मंगसीर बदी नवमी का दिन उनके बलिदान और उनकी दिव्य शक्ति को स्मरण करने के लिए विशेष महत्व रखता है। यह कथा महाभारत काल से जुड़ी है। ऐसा माना जाता है कि नारायणी देवी का पूर्वजन्म वीर अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के रूप में हुआ था। महाभारत के युद्ध में जब अभिमन्यु वीरगति को प्राप्त हुए तब उत्तरा ने उनके साथ सती होने की इच्छा व्यक्त की।

## कांग्रेस ने मनाई इंदिरा गांधी और सीताराम केसरी की जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष दिवंगत सीताराम केसरी की जयंती मंगलवार को कांग्रेस भवन में मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर तथा पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर इंदिरा गांधी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी के जरिये अपने प्रधानमंत्रीत्व काल में कई कठोर एवं साहसिक निर्णय लिए गए।

इस कारण जनता ने उन्हें आयरन लेडी का खिताब दिया। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, कोयला कंपनियों का राष्ट्रीयकरण जैसे सूझ-बूझ और दूरदर्शी निर्णय से देश की ग्रामीण जनता और श्रमिक वर्ग के आर्थिक सामाजिक स्तर के उत्थान के साथ-साथ उन्हें अर्थव्यवस्था के विकास में भागीदार बनाया। भारत में प्रथम परमाणु हथियार का परीक्षण कर विश्व पटल पर भारत की सामरिक शक्ति का एहसास करा दिया। वर्ष 1971 में पाकिस्तान पर जीत के साथ बांग्लादेश के गठन ने दक्षिण एशिया का नक्शा बदल दिया और इसके बाद दक्षिण एशिया के क्षेत्र में भारत एकमात्र क्षेत्रीय शक्ति बना। कूटनीतिक संबंधों के चलते उन्होंने विश्व के कई देशों से मधुर संबंध स्थापित कर भारत के विकास को रफ्तार पकड़ाया। वक्ताओं ने सीताराम केसरी के जीवन पर भी अपने विचार रखे।

# टाटीसिलवे रेलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने टाटीसिलवे स्टेशन से भारी मात्रा में शराब बरामद किया है। आरपीएफ के एसआई सूरज पांडेय ने मंगलवार को बताया कि रांची मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत लगातार अभियान जारी है। इसी क्रम में टाटीसिलवे स्टेशन से 82 बोतल शराब बरामद की गयी। जब्त शराब की कीमत 41,820 बताया गया। इन बैगों का कोई दावेदार नजर नहीं आया तो एसआई सोहनलाल ने बैगों को जब्त कर लिया और आरपीएफ रांची ने उसे उत्पाद विभाग रांची को सौंप दिया।



**हटिया रेलवे स्टेशन से शराब जब्त :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने हटिया रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो से जांच के दौरान सफेद रंग का एक लावारिस प्लास्टिक बैग से शराब बरामद किया है। एसआई दीपक कुमार ने मंगलवार को बताया कि रांची मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सतर्क के तहत अवैध शराब और मादक पदार्थ के खिलाफ लगातार अभियान जारी है। एसआई ने बताया कि इसी क्रम में जांच के दौरान सफेद रंग का एक लावारिस प्लास्टिक बैग प्लेटफार्म नंबर दो पर लिफ्ट के पास पाया गया। जांच के दौरान बैग से अलग-अलग ब्रांड का 10 शराब का बोतल जब्त किया गया। जब्त शराब का बाजार मूल्य 5100 रुपये बताया गया। मौके पर उपस्थित यात्रियों से पूछताछ के बावजूद कोई दावेदार सामने नहीं आया। इसके बाद बरामद शराब को उत्पाद विभाग को आगे की कार्रवाई के लिए सौंपा दिया।

## राज्य सरकार के कुछ अधिकारी बन गए हैं झामुमो के कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए राज्य सरकार के अधिकारियों पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि विश्वसनीय सूत्रों से यह जानकारी प्राप्त हो रही है कि झारखंड सरकार के कुछ अधिकारी हेमंत सोरेन के कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहे हैं। ये भ्रष्ट अधिकारी किसी भी तरह से धनवार विधानसभा समेत अन्य महत्वपूर्ण विधानसभाओं में भाजपा के पक्ष में मतदान प्रतिशत को कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं। कहा कि इसके लिए वे विभिन्न प्रकार के हथकंडों को अपनाने की योजना बना रहे हैं, जैसे कि भाजपा समर्थक मतदाताओं को मतदान क्षेत्र में जाने से रोकना, भ्रम फैलाना, भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकाना, बूथ पर मतदाताओं को प्रभावित करना, आदि। कहा कि ऐसे अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने हरकतों से बाज आयें। भाजपा सरकार बनते ही उन्हें बिना किसी विलंब के दंडित किया जाएगा। साथ ही, चुनाव आयोग ,झारखंड के मुख्य सचिव और डीजीपी से अनुरोध है कि वे ऐसे अधिकारियों की साजिश और प्रपंच को रोककर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में मदद करें।

## हार के बहाने जोड़ने में जुट गया झारखंड मुक्ति मोर्चा : प्रतुल शाहदेव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस कॉन्फ्रेंस पर पलट वार करते हुए कहा कि अपनी निश्चित हार को देखकर झारखंड मुक्ति मोर्चा बहाने बनाने में जुट गया है। प्रतुल ने कहा कि 23 नवंबर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाली सरकार का अंत हो जाएगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा चाहती नहीं कि इसका ठीकरा हेमंत सोरेन पर फूटे। इसीलिए वह हर दिन में बहाने बना रही है। प्रतुल ने कहा कि बरहेट क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता आतंक का माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।लेकिन उस द्वसे ध्यान बंटाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता प्रतिपक्ष पर बेबुनियाद आरोप




लगा रही है। प्रतुल ने कहा कि जिस चुनाव आयोग पर झारखंड मुक्ति मोर्चा आज आरोप लगा रही है, इसी चुनाव आयोग, अर्द्ध सैनिक बलों और राज्य पुलिस के देखरेख में हुए चुनाव में 2019 में इन्होंने जीत हासिल की थी लेकिन इस बार हार के बहाने बनाने के लिए इसी चुनाव आयोग पर प्रश्न चिह्न खड़ा किया जा रहा। प्रतुल ने कहा कि चुनाव आयोग ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ भी अनेक मामलों में संज्ञान लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने कभी शिकायत नहीं की और उन आदेशों का अनुपालन किया लेकिन झामुमो चुनाव आयोग पर आरोप की झड़ी लगा देता है। प्रतुल ने कहा कि कुछ अधिकारी इस सरकार में टूलकिट बनकर काम करते रहें। एक जिलाधिकारी को चुनाव आयोग ने निर्वाची कार्य से हटाया तो उन्हें राजधानी का जिलाधिकारी बना दिया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा को इस पर भी आपत्ति है। भाजपा हमेशा से मनाती है कि अधिकारियों को नियम कानून से चलना चाहिए। क्योंकि, सरकारें आती-जाती रहती हैं।

## रांची में कुख्यात सोनू इमरोज की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर की हिंदपीढ़ी थाना पुलिस ने कुख्यात अपराधी सोनू इमरोज की हत्या में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। उसे मंगलवार को जेल भेज दिया गया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश को गुप्त सूचना मिली थी कि सोनू इमरोज हत्याकांड में शामिल अपराधी मोहम्मद इमरान हिंदपीढ़ी में एक बारात में आया हुआ है। इसके बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार कर लिया। वह हत्या की



घटना के बाद से फरार चल रहा था। उल्लेखनीय है कि चार नवंबरए 2018 को मेन रोड स्थित टैक्सी स्टैंड पर डेली मार्केट थाना से कुछ दूरी पर दिनदहाड़े गैंगवार में कुख्यात अपराधी सोनू इमरोज की हत्या कर दी गई थी। हिंदपीढ़ी में गैंगस्टर सोनू इमरोज और सज्जाद के बीच वर्चस्व की लड़ाई चल रही थी। बाद में जेल से जमानत पर बाहर निकलने पर अपराधियों ने सोनू इमरोज की हत्या कर दी थी। इस मामले में शमशाद आलम उर्फ चपटा और तबरेज आलम उर्फ चमरा को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

# मोरहाबादी में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो गंभीर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के मोरहाबादी मैदान में सोमवार की रात करीब एक बजे एक कार तेज रफ्तार की वजह से अनियंत्रित होकर सीधे पेड़ से टकरा गयी। इस हादसे में चार लोग घायल हो गए, जिसमें से दो की हालात गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार मोरहाबादी मैदान में चुनाव को लेकर कई वाहन खड़े थे। जहां वाहन कोषांग के कर्मी भी मौजूद थे। हादसे को देख वाहन कोषांग के कर्मियों ने मोरहाबादी टीओपी के पदस्थापित सब इंस्पेक्टर विकास को फोन कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई। पीसीआर और एम्बुलेंस से सभी घायलों को आनन-फानन में अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार घायलों में दो की स्थिति काफी गंभीर बनी हुई है। मौके पर मौजूद स्कूल के बस ड्राइवर ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत ज्यादा थी। जिसकी वजह से कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सब इंस्पेक्टर विकास कुमार ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया था। मौके पर समय से एम्बुलेंस और पीसीआर दोनों पहुच गए थे। फिलहाल सभी का इलाज चल रहा है।

### रांची डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियां रवाना



**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव-2024 के द्वितीय चरण में रांची जिला अंतर्गत दो विधानसभा क्षेत्रों में 20 नवंबर को वोटिंग होनी है। द्वितीय चरण के मतदान के लिए मोरहाबादी फुटबॉल स्टेडियम अवस्थित डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। द्वितीय चरण चरण में सिल्ली एवं खिजरी विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है।

# झारखंड गढ़ने की है परिकल्पना,हेमंत के साथ खड़ी हैं मंइया शक्ति कल्पना : सुप्रियो भट्टाचार्य

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दूसरे चरण के मतदान के एक दिन पूर्व साइलेंट पीरियड में पत्रकारों को संबोधित किया । सुप्रियो भट्टाचार्य ने एक नारे के साथ अपनी बातों को आगे बढ़ाया । उन्होंने नारा दिया विकसित झारखंड गढ़ने की परिकल्पना है, हेमंत के साथ खड़ी मंइया शक्ति कल्पना है। आगे कहा कि साइलेंट पीरियड चल रहा है और इस मौके पर पत्रकारों को संबोधित करना अच्छा तो नहीं है लेकिन जिस तरह से भाजपा ने ट्विटर और सोशल




साइट के माध्यम से साइलेंट पीरियड का उल्लंघन कर रहा है यह निर्वाचन आयोग का उल्लघंन है, इसलिए मैंने आयोग को पत्र लिखा है और उन्हें विस्तृत रूप से जानकारी दे रहा हूं। छठे झारखंड विधानसभा चुनाव होने के वाले साधारण निर्वाचन 2024 प्रचार प्रसार समाप्त हो जाने के पश्चात बीजेपी झारखंड प्रदेश द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया के द्वारा भ्रमित विज्ञापन पर अर्जित कर रहा है । उन्होंने कहा है कि प्रचार प्रसार अभियान चलाकर प्रबुद्ध मतदाताओं को भ्रमित करने का कार्य कर रहा है, जो आदर्श चुनाव आचार संहिता के विरुद्ध है । झारखंड राज्य के संताल परगना प्रमंडल के दुमका शहर स्थित अग्रेशन भवन में और देवघर शहर के कई होटलों में भाजपा के समर्थन एवं बाहरी नेताओं द्वारा जबरन रहकर खुले आम धनराशि वितरण कर रहा है, जो आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन है। करीब चार लाख रुपये जप्त भी किए गए हैं । हम लोग ने मांग किया है कि आईटी एक्ट के तहत बीजेपी झारखंड प्रदेश पर आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई करें।

# रांची नगर निगम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में चलाया जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** अपर प्रशासक फिलवियुस बारला के नेतृत्व में मंगलवार को निगम के राजस्व शाखा के पदाधिकारियों और कर्मियों की एक टीम के साथ निगम क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों में होल्डिंग टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, जल कर की जांच की गई। इस दौरान मुख्य रूप से गोपाल कॉम्प्लेक्स, श्रद्धानंद रोड, अपर बाजार, कचहरी रोड स्थित विभिन्न घरों और प्रतिष्ठानों में जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के क्रम में जिन भवनों में होल्डिंग टैक्स काफी समय से बकाया पाया गया, उन्हें जल्द से जल्द कमर्शियल होल्डिंग कराते हुए कर का भुगतान करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिन प्रतिष्ठानों में ट्रेड लाइसेंस की वैधता समाप्त पाई गई, उन्हें भी जल्द रिनुअल करने का निर्देश दिया गया। जल कर के जांच के क्रम में कई एक ऐसे निजी भवन पाए गए, जहां मीटर में जीरो रीडिंग प्रदर्शित हो रही है। इसके बाद अपर प्रशासक ने राजस्व शाखा के कर संग्रहकर्ता और पीएमसी के प्रतिनिधियो को एक टीम गठित करते हुए ऐसे भवनों



को जांच करने का निर्देश दिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए इसे ठीक करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर प्रशासक ने बताया कि निगम क्षेत्र के सभी निजी सरकारी भवन, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अपने कर का भुगतान ससमय करना तथा शहर के सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के लिए ट्रेड लाइसेंस लेना अनिवार्य है। उन्होंने टीम को निर्देश दिया कि जो प्रतिष्ठान बिना ट्रेड लाइसेंस के निगम क्षेत्र के लिए व्यवसाय कर रहे हैं, उन्हें चिह्नित करते हुए प्रतिष्ठान को सील करने की कार्रवाई करें। साथ ही उन्होंने निगम की टीम को पूरे माह लागतार जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इस मौके पर उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, सहायक प्रशासक चंद्रदीप कुमार, नगर प्रबंधक, पीएमसी के प्रतिनिधि, राजस्व शाखा के कर संग्रहकर्ता सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## राजद नेता राजेश यादव का हृदय गति रुकने से हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मनोज कुमार पाण्डेय प्रदेश महासचिव राजद झारखंड ने दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता भाई राजेश यादव उर्म 70 साल राँची जो अनेकों बार प्रदेश के पदाधिकारी के रूप में पार्टी से मिली जिम्मेदारियों को निभाने का कार्य किए , समाज के प्रति बराबर मुखर रहने वाले अचानक से दुनिया छोड़ कर चले गए। लगभग प्रति दिन राज्य कार्यालय आना यहाँ तक एक दिन पहले भी 18 नवंबर को भी ठीक ठाक ही थे, शाम को 4.00 बजे कार्यालय से घर गए । रात्री खाना खाने के बाद छाती मे दर्द हुई बेहोश हुये। रात्री 11.00 बजे आधा किलो मीटर की दूरी पर राँची सेवा सदन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया जहां हृदय गति की शिकायत मिली ईलाज के दौरान इनका देहांत हो गया। इनके असामयिक निधन से पार्टी की अपूरणीय क्षति हुई हुई है। इनके निधन पर झारखण्ड राजद प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, वरिष्ठ नेता गौतम सागर राणा, वरिष्ठ नेता लक्ष्मण यादव, महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलास यादव, प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, महासचिव मनोज पांड़ेय, आबिद अली, मदन यादव, सदाकत हुसैन अंसारी, कार्य. सचिव राम कुमार यादव, चंद्र शेखर भगत, अर्जुन यादव, संतोष प्रसाद, मोहन प्रसाद,गफ्फार अंसारी,अबदुल्ला मन्नान,मनोज अग्रवाल, सहित राजद परिवार काफी मर्माहत है।

**परिवार में :** दो पुत्र एवं एक पुत्री है जिसमें एक पुत्र राजद में था, सात आठ महिने से पहले देहांत हो चुका है, पुत्री की शादी हो चुकी है अंतिम संस्कार औरंगाबाद गाँव पर होगी।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 314

बुधवार

20.11.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

राह संघर्ष की जो चलता है वो ही संसार को बदलता है, जिसने रातो से जंग जीती सूर्य बनकर वही निकलता है!

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

## क्विक न्यूज

### इंदिरा गांधी की जयंती पर कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**नाहन :** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री और लौह महिला स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर आज कांग्रेस भवन में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने भाग लेकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके योगदान को याद किया.अपने संबोधन में उन्होंने कहा इंदिरा गांधी जी ने अपने मजबूत नेतृत्व और दृढ़ निर्णय क्षमता से भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके अद्वितीय योगदान और बलिदान को देश कभी नहीं भुला सकता। सभा के दौरान कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के आदर्शों और उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को सराहा.

### वन्य-जीवों को करंट से बचाने के संबंध में 20 से 22 नवंबर तक होगा राष्ट्रीय स्तर का मंथन

**भोपाल :** विद्युत लाइनों से आमजनों, कार्मिकों एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है। इसी क्रम में भारतीय वन्य जीवन संस्थान देहरादून ने वन्यजीवों की सुरक्षा, करंट से मृत्यु कम करने को लेकर राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 20 से 22 नवंबर तक आयोजित की है। इसमें पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी से दो कार्मिक शामिल होंगे। जनसम्पर्क अधिकारी राजेश पाण्डेय ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में पर्यावरण सुरक्षा, हाथी व अन्य जीवों की करंट से रक्षा, वन्य जीवों की जोखिम को कम करने के हर संभव प्रयास, बिजली लाइनों के स्वरूप में बदलाव की संभावना और क्रियान्वयन, अंडर ग्राउंड लाइनें एवं केबलीकरण, 33/11 केवी लाइनों की गार्डिंग इत्यादि पर मंथन होगा।

### दुमका जिले के शिकारीपाड़ा में डायरिया का प्रकोप

**दुमका :** विधानसभा चुनाव के लिए जहां मतदान की सारी तैयारियां हो चुकी हैं और 20 नवंबर को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, वहीं दुमका जिले के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में फैल रहे डायरिया के प्रकोप ने सरकार एवं स्वास्थ्य विभाग की दावों की पोल खोल कर रख दी है। शिकारीपाड़ा के सोनाढाब, मलूटी, चित्रागड़िया, सरसडंगाल और शहरपुर आदि पंचायत के कई गांवों में लोग डायरिया से पीड़ित होकर मौत हो रही हैं।

### भारत-चीन विदेश मंत्री का मानसरोवर यात्रा और सीधी विमान सेवाओं पर होगी बातचीत

**नई दिल्ली :** भारत और चीन के विदेश मंत्रियों ने जी20 के इतर बैठक में कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रा को फिर से शुरू करने, सीमा पार नदियों पर डेटा साझा करने, दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान और मीडिया संबंधी आदान-प्रदान पर चर्चा की। दोनों मंत्रियों ने महसूस किया कि हमारा ध्यान संबंधों को स्थिर करने, मतभेदों को ठीक से संभालने और आगे के कदम उठाने पर होना चाहिए।विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने चीन के अपने समकक्ष वांग यी से कल रियो डी जनेरियो में जी20 शिखर सम्मेलन के मौके पर मुलाकात की थी। विदेश मंत्री वांग यी ने जयशंकर से सहमति व्यक्त की कि भारत-चीन संबंधों का विश्व राजनीति में विशेष महत्व है। दोनों मंत्रियों ने माना कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सैनिकों के पीछे हटने से शांति और स्थिरता की दिशा में प्रगति हुई है।

### प्रयागराज महाकुंभ होगा कचरा मुक्त

**बीकानेर :** आगामी 13 जनवरी 2025 से 26 फ़रवरी तक उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन होगा। 12 साल बाद होने वाले इस आयोजन में 45 करोड़ से ज़्यादा श्रद्धालु पहुंचेंगे। इस महाकुंभ को कचरा मुक्त और प्लास्टिक मुक्त करने हेतु राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने एक थाली-एक थैला अभियान प्रारंभ किया है. संघ के विभाग संघचालक टेकचंद बरडिया ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक घर से एक थाली और एक कपड़े का थैला इकट्ठा किया जाएगा और उसे महाकुंभ में भेजा जाएगा ताकि वहां कम से कम कचरा और प्लास्टिक बिखरे और पर्यावरण को नुक़सान न पहुंचे।

### रांची का तापमान

अधिकतम $27^{0}$

न्युनतम $20^{0}$

## झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण का मतदान आज

# कई दिग्गज नेताओं की प्रतिष्ठा दांव पर

*** सबकी नजर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, सीता सोरेन रवींद्रनाथ महतो और सुदेश महतो पर**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 38 सीटों पर आज 20 नवंबर को मतदान होना है। आखिरी चरण में कोयलांचल, कोल्हान और संथाल की सीटों पर मतदान होना है।

जिन दिग्गजों की चुनावी किस्मत दांव पर है उनमें हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन, बाबूलाल मरांडी, अमर बाउरी, सीता सोरेन, सुदेश महतो शामिल हैं। सबकी नजरें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सीट बरहेट पर भी है। यहां पर मुख्यमंत्री को टक्कर देने के लिए भाजपा ने अपने कार्यकर्ता गमालियन हेंब्रम को मैदान में उतारा है। हालांकि बरहेट सीट हेमंत सोरेन के लिए सेफ मानी जा रही है। जामताड़ा सीट पर इस बार कांटे की टक्कर के आसार हैं। यहां भाजपा उम्मीदवार और हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन का मुकाबला कांग्रेस के इरफान अंसारी से है। यहां सीता सोरेन को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ रहा है। धनवार विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बाबूलाल मरांडी हैं तो उनके मुकाबले झामुमो के अलावा माले ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है।पाकुड़ से कांग्रेस ने आलमगीर आलम की पत्नी निशात आलम को उम्मीदवार बनाया है। इनसे मुकाबला कर रहे हैं आजसू के अजहर इस्लाम। नाला विधानसभा सीट पर झामुमो की टिकट पर स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो मैदान में हैं तो भाजपा के माधव चंद्र उन्हें यहां से चुनौती दे रहे हैं। देवघर विधानसभा सीट पर राजद ने सुरेश पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के नारायण दास से है।पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट पर कांग्रेस के प्रदीप यादव का मुकाबला भाजपा के देवेंद्र नाथ सिंह से हैं। प्रदीप यादव यहां से पांच बार विधायक रह चुके हैं।गोड्डा विधानसभा सीट पर भाजपा की टिकट पर अमित मंडल चुनावी मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला राजद के संजय यादव से है। महगामा विधानसभा सीट पर कांग्रेस की टिकट पर एक बार फिर दीपिका पांडे मैदान में हैं। इनका मुकाबला भाजपा के अशोक भगत से है। रामगढ़ विधानसभा सीट पर आजसू की सुनीता देवी और कांग्रेस की ममता देवी चुनाव मैदान में हैं। मांडू विधानसभा सीट पर कांग्रेस के जेपी पटेल और आजसू के तिवारी महतो मैदान में है।सिल्ली विधानसभा सीट पर सबकी नजर है। यहां से झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो चुनाव मैदान में हैं। यहां उनका मुकाबला अमित महतो से है। अमित महतो एक बार सुदेश महतो को हरा भी चुके हैं। वहीं इस मुकाबले को और रोचक बना रहे हैं जेएलकेएम प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो।

## परिवार के साथ मतदान करें : चुनाव आयोग




### 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर सुबह सात बजे से मतदान

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि दूसरे चरण का मतदान 20 नवंबर को कुल 38 विधानसभा क्षेत्रों के 14,218 बूथों पर होगा। इनमें से 31 बूथों पर सुबह सात से शाम चार बजे तक ही मतदान होगा। उन्होंने कहा कि मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंच चुकी हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी मतदाता सपरिवार, आस-पड़ोस और मित्रों के साथ मतदान केंद्र जाकर उत्सवी माहौल में मतदान करें। वह मंगलवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण के 14,218 बूथों में से 48 बूथ को यूनिक बूथ के रूप में विकसित किया गया है। वहीं महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों की संख्या 239 है। 22 मतदान केंद्र दिव्यांगजनों द्वारा संचालित होंगे।

जबकि, युवाओं के हाथों में 26 मतदान केंद्रों की व्यवस्था रहेगी।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के संज्ञान में आचार संहिता उल्लंघन के जितने भी मामले आते हैं, उनपर तत्परता से मामला दर्ज कराकर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। अभी तक आदर्श आचार संहिता उल्लंघन में 90 केस दर्ज कर कार्रवाई की गयी है। उन्होंने पत्रकार वार्ता में आये सवालों का जवाब देते हुए पत्रकारों से भी अपील की कि उनके सामने भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले आते हैं, तो वे निर्वाचन आयोग के साथ उसे साक्ष्य समेत साझा करें, निर्वाचन आयोग नियमानुसार कार्रवाई सुनीश्चित करेगा।उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 200 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की जा चुकी है।



## बीजेपी नेता पर वोटर्स को पैसे बांटने का आरोप, मामला दर्ज

**पालघर (महाराष्ट्र) :** बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और बीजेपी प्रत्याशी राजन नाइक पर मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगा है। नोट फॉर वोट के मामले में चुनाव आयोग ने दो एफआईआर दर्ज कराई है। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत दो एफआईआर दर्ज कराई है।नालासोपारा विधानसभा चुनाव अधिकारी शेखर घाडगे ने बताया कि हमें शिकायत मिली थी कि यहां एक राजनीतिक दल की बैठक चल रही है। जब हमारी टीम यहां पहुंची तो देखा कि एक बैठक चल रही थी। यहां कुछ मात्रा में नकदी जब्त की गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। दो मामलों की तलाश जारी है। इससे चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बता दें कि महाराष्ट्र में मतदान से एक दिन पहले बीजेपी महासचिव विनोद तावड़े पर मतदाताओं को नकदी बांटने का आरोप लगा है। बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) ने आरोप लगाया है कि बीजेपी नेता तावड़े ने ठाणे में मतदाताओं को पैसे बांटे हैं। हालांकि, बीजेपी नेता ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है। बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए और तावड़े पर 5 करोड़ रुपये नकद बांटने का आरोप लगाया।वहीं, विनोद तावड़े ने विपक्ष के आरोपों को खारिज किया है।

# केरल में शुरू हुआ भारत का पहला ऑनलाइन कोर्ट



**एजेंसी**

**तिरुअनंतपुरम :** देश का पहला 24 घंटे चलने वाला ऑनलाइन कोर्ट केरल के कोल्लम में शुरू हुआ है. बुधवार, 20 नवंबर से इस कोर्ट में मामलों की सुनवाई होगी. कोर्ट में सेटलमेंट एक्ट के तहत चेक मामलों की भी सुनवाई होगी. कोर्ट की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसमें 24 घंटे सुनवाई होगी.अदालत में एक मजिस्ट्रेट और तीन कर्मचारी होंगे. कोर्ट में केस कहीं से भी ऑनलाइन दाखिल किए जा सकते हैं. कोर्ट की वेबसाइट पर निर्धारित प्रपत्र भरकर केस ऑनलाइन दाखिल करना होगा. कोर्ट के कामकाज को लेकर सोमवार को कोल्लम बार एसोसिएशन हॉल में वकीलों और क्लर्कों को ट्रेनिंग दी गई. कोर्ट बिल्डिंग में जनरल कोर्ट में होने वाली कोई भी एक्टिविटी नहीं होगी, न तो मामला दाखिल करने वाले को और न ही वकीलों को पर्सनली अदालत में पेश होने की जरूरत होगी. मुकदमे की बहस, सुनवाई और फैसले समेत पूरा प्रोसेस ऑनलाइन किया जाएगा. पुलिस स्टेशनों को ऑनलाइन ही पत्र भेजा जाएगा. आरोपी और केस करने वालों दोनों को अर्जी ऑनलाइन ही दाखिल करनी होगी. ऑनलाइन अपलोड किए गए दस्तावेजों का इस्तेमाल करके जमानत ली जा सकती है. कोर्ट में फीस का भुगतान ई-पेमेंट के जरिए करना होगा. यहां मामला दर्ज करने वालों और वकीलों के लिए अदालती कार्रवाई में सीधे भाग लेने के लिए एक प्रोसेस तैयार किया गया है. यह डिजिटल कोर्ट इस महीने की 20 तारीख से कोल्लम जिले की चार अदालतों में इसी तरह के मामलों की सुनवाई करेगा. इस डिजिटल कोर्ट की कार्यप्रणाली को देखकर और जिलों में भी ऐसी अदालतें शुरू करने का प्लान बनाया जा रहा है.

# मणिपुर संकट को लेकर खड़गे ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

**खरगे ने राष्ट्रपति मुर्मू से मणिपुर में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है।**



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** मणिपुर में हुई हालिया हिंसा के बाद हालात तेजी से बिगड़ रहे हैं। न सिर्फ विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता बल्कि वहां के कई नागरिक संगठनों ने हिंसा पर लगाम लगाने और कुकी उग्रवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। इस बीच, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर में बिगड़ते हालात को लेकर राष्टपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। खरगे ने राष्टपति मुर्मू से मणिपुर में तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया है। साथ ही कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि राज्य के लोग सम्मान के साथ अपने घरों में शांति से रहें।कांग्रेस प्रमुख द्वारा राष्टपति मुर्मू को लिखे गए दो पन्ने के पत्र में कहा गया है कि मणिपुर सरकार और केंद्र पिछले 18 महीनों में मणिपुर में कानून व्यवस्था और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में फेल साबित हुई है। पत्र में उन्होंने कहा कि राज्य में हिंसा के कारण 300 से अधिक लोगों की जान चली गई है, इनमें महिलाएं, बच्चे भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वहां बिगड़ती कानून-व्यवस्था के कारण करीबन एक लाख लोग आंतरिक विस्थापन का शिकार हुए हैं। वे बेघर हो गए हैं और विभिन्न राहत शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। पत्र में खरगे ने लिखा है,मैं मानता हूं कि माननीय महोदया, भारत गणराज्य के राष्टपति और हमारे संविधान के संरक्षक के रूप में यह आपके लिए संवैधानिक रूप से अनिवार्य हो गया है कि आप संवैधानिक औचित्य को बनाए रखें। साथ ही मणिपुर में हमारे अपने नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत हस्तक्षेप करें। उन्होंने आगे कहा कि मुझे विश्वास है कि आपके कार्यालय के हस्तक्षेप के माध्यम से, मणिपुर के लोग फिर से सम्मान के साथ अपने घरों में शांति से रहेंगे।

# डिजिटल जुनून के कारण खेल के मैदान से दूर हो रहे हैं युवा : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को देश के युवाओं में डिजिटल जुनून पर चिंता व्यक्त की और कहा कि तेजी से आगे बढ़ती डिजिटल दुनिया युवाओं को वास्तविक खेल के मैदानों से दूर डिजिटल खेल के मैदानों की ओर धकेल रही है।धनखड़ त्यागराज स्टेडियम में स्पेशल ओलंपिक एशिया पैसिफिक बोक्से और बॉलिंग प्रतियोगिता के उद्घाटन



समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन खेलों के माध्यम से हम एशिया प्रशांत क्षेत्र में विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए समावेश और सम्मान का जश्न मना रहे हैं। यह भारत के सांस्कृतिक लोकाचार को दर्शाता है। स्पेशल ओलंपिक सार्वभौमिक समावेश के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिनिधित्व करता है।धनखड़ ने कहा कि आज की तेज़ गति वाली डिजिटल दुनिया में हमारे युवा और बच्चे तेजी से छोटी प्लास्टिक स्क्रीन- मोबाइल के आदी होते जा रहे हैं। उन्हें असली खेल के मैदानों से दूर डिजिटल खेल के मैदानों में धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा,मैं विशेष रूप से प्रत्येक माता-पिता से यह सुनिश्चित करने के लिए कहूंगा कि इस छोटी प्लास्टिक स्क्रीन के कारण बच्चे असली खेल के मैदानों से वंचित न हों।

# सीजीपीएससी घोटाला : 7 दिन की सीबीआई रिमांड पर पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी और श्रवण गोयल

**एजेंसी**

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की 2021 राज्य सेवा भर्ती परीक्षा में कथित घोटाले के मामले में आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सोनवानी और बजरंग पॉवर इस्पात के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को सीबीआई ने रायपुर की विशेष न्यायालय के जज लीलाधर यादव के समक्ष पेश किया गया। कोर्ट में पेशी के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। विशेष कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 25 नवंबर तक सीबीआई रिमांड पर सौंपा है। इन 7 दिनों की रिमांड में सीबीआई आरोपितों से कई बिंदुओं पर पूछताछ करेगी। सीबीआई ने दोनों आरोपितों की 12 दिनों की रिमांड मांगी थी। टामन सोनवानी के वकील गणेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि विशेष कोर्ट ने सीबीआई को पूर्व चेयरमैन सोनवानी और श्रवण गोयल की सात दिनों की रिमांड दी है।

Asarfi Hospital, Dhanbad

1st TIME LIVER & KIDNEY TRANSPLANT CLINIC AT DHANBAD
IN ASSOCIATION WITH
MGM HEALTH CARE CHENNAI

Liver Transplant Specialist
Dr. Thiagarajan Srinivasan
MBBS, MS, DNB (Gastro Surgery)

Kidney Transplant Specialist
Dr. Vikram Sagar TV
MBBS, MRCP (UK), CCT in Renal Medicine (UK), FRCP (Edinburgh), FRCP (London)

Clinic Date : 27th Nov. (Wednesday), 11:00 AM Onward

7808368888 Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

विचार प्रवाह

संपादकीय

# ‘आयुष्मान’ के भ्रष्ट सौदागर

सेहत और इलाज के सौदागरों ने ‘आयुष्मान भारत’ योजना में भी भ्रष्टाचार खोज लिया है। निजी अस्पताल लाखों रुपए कमा रहे हैं। फर्जी इलाज किए जा रहे हैं और बीमे के क्लेम भी फर्जी हैं। निजी अस्पतालों की सिंडिकेट लॉबी ने डॉक्टरों को भी भ्रष्ट और अनैतिक होने पर विवश कर दिया है। यदि आप अस्वस्थ हैं और अस्पताल जाने की नौबत आ जाए, तो अस्पताल वाले सबसे पहला सवाल यही करेंगे-आयुष्मान कार्ड है? चूंकि इलाज का खर्च आपको नहीं करना। ‘आयुष्मान कार्ड’ के जरिए भारत सरकार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करती है, लिहाजा अस्पताल उस कार्ड के जरिए सरकार से बीमे का क्लेम वसूल लेते हैं। सौदागरों ने आयुष्मान के माध्यम से अपनी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता खोज लिया है और उसका भरपूर दोहन किया जा रहा है। हाल ही में गुजरात के एक निजी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का एक मामला सामने आया है। सेहत की जांच का निशुल्क शिविर लगाया गया। वह छलावा था। गांवों से 19 ऐसे लोगों को, उनकी सेहत की सम्यक जांच के नाम पर, अस्पताल तक लाया गया, जो आयुष्मान कार्डधारक थे। उनमें से 7 लोगों को इलाज के तौर पर भरमाया गया और ‘एंजियोप्लास्टी’ का ऑपरेशन कर उनके दिल में स्टेंट डाल दिए गए। उन लोगों को दिल की कोई बीमारी पहले से नहीं थी। उन कथित मरीजों के परिजनों को जानकारी तक नहीं दी गई और न ही कोई लिखित, हस्ताक्षरी सहमति ली गई। कमाल तो यह है कि भारत सरकार के संबद्ध विभाग की अनुमति भी कुछ ही घंटों में हासिल कर ली गई। यह अनुमति अमूमन दो दिनों में मिलती है। इन ऑपरेशनों का नतीजा यह हुआ कि दो कथित मरीजों की मौत हो गई और 5 अन्य आईसीयू में इलाजरत हैं। यह संपादकीय लिखने तक ही अद्यतन सूचना यही है। डॉक्टर के पेशे से खिलवाड़ कराया गया, अनैतिक अपराध किया गया, बल्कि यह हत्या का मामला बनता है। लालच था कि जो ऑपरेशन किए गए, उनके एवज में भारत सरकार से अच्छा-खासा पैसा मिल जाएगा। मौजू सवाल यह है कि क्या ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर वाकई ‘कॉर्डियोलॉजिस्ट’ थे? क्या ऑपरेशन करना जरूरी था? क्या स्टेंट बेहतर क्वालिटी के थे अथवा सस्ते, घटिया स्टेंट डाल कर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया गया? डॉक्टर फरार बताए जाते हैं, लेकिन उनकी पेशेवर मान्यता का क्या होगा? क्या मान्यता रद्द की जाएगी और डॉक्टर के खिलाफ हत्या का केस चलाया जाएगा? इस संदर्भ में सबसे बड़ा और काला खलनायक तथा अपराधी तो अस्पताल प्रबंधन है। बेशक अस्पताल की मान्यता खारिज न की जाए, लेकिन मौजूदा प्रबंधन को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। अस्पताल में निकट अतीत में आयुष्मान कार्डधारकों के कितने मामले आ चुके हैं, उनकी बीमारी क्या थी अथवा वे बीमार ही नहीं थे, क्या जबरन ऑपरेशन किए गए, इन तमाम पहलुओं की विस्तृत जांच की जानी चाहिए। भारत सरकार के संबद्ध विभाग के अधिकारियों की भी गहन जांच की जानी चाहिए कि कहीं सांठगांठ और मिलीभगत, पैसे के लेन-देन की सचाई तो नहीं थी! भारत सरकार ने आयुष्मान कार्ड का दायरा बढ़ाया है। अब 70 साल की उम्र वाला प्रत्येक नागरिक यह स्वास्थ्य बीमा पाने का पात्र है। करीब 5 लाख लोगों ने विस्तारित योजना के तहत अपना पंजीकरण भी करा लिया है। करीब 6 करोड़ बुजुर्ग भारतीय इस नई योजना से लाभान्वित होंगे। देखना होगा कि भ्रष्ट व्यवस्था और नैतिक पतन का शिकार यह योजना भी होगी अथवा नहीं। आयुष्मान की विस्तारित योजना के लिए अलग से किसी बजट का प्रावधान अभी नहीं किया गया है। यकीनन यह योजना बेहद मानवीय और अद्वितीय है, लेकिन राज्यों की ढिलाई, सरकारी अस्पतालों में साधनहीनता और भेड़-बकरी की तरह भीड़, लिहाजा आम आदमी की बढ़ती उदासीनता, निजी अस्पतालों के ऐसे भ्रष्ट और अनैतिक सौदागर, बूढ़े लोगों का अशिक्षित और शारीरिक तौर पर अक्षम होना ऐसे सवाल हैं।

निजी अस्पतालों की सिंडिकेट लॉबी ने डॉक्टरों को भी भ्रष्ट और अनैतिक होने पर विवश कर दिया है। यदि आप अस्वस्थ हैं और अस्पताल जाने की नौबत आ जाए, तो अस्पताल वाले सबसे पहला सवाल यही करेंगे-आयुष्मान कार्ड है? चूंकि इलाज का खर्च आपको नहीं करना। ‘आयुष्मान कार्ड’ के जरिए भारत सरकार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करती है, लिहाजा अस्पताल उस कार्ड के जरिए सरकार से बीमे का क्लेम वसूल लेते हैं। सौदागरों ने आयुष्मान के माध्यम से अपनी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता खोज लिया है और उसका भरपूर दोहन किया जा रहा है। हाल ही में गुजरात के एक निजी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल का एक मामला सामने आया है। सेहत की जांच का निशुल्क शिविर लगाया गया। वह छलावा था। गांवों से 19 ऐसे लोगों को, उनकी सेहत की सम्यक जांच के नाम पर, अस्पताल तक लाया गया, जो आयुष्मान कार्डधारक थे। उनमें से 7 लोगों को इलाज के तौर पर भरमाया गया और ‘एंजियोप्लास्टी’ का ऑपरेशन कर उनके दिल में स्टेंट डाल दिए गए। उन लोगों को दिल की कोई बीमारी पहले से नहीं थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया

# धीमी न्यायिक प्रक्रिया के विकल्प पर सोचना होगा

**उमेश चतुर्वेदी**

बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है।

उलेमा बनाम उत्तरी दिल्ली मामले पर सुनवाई के दौरान जिस तरह सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणियां की थीं, इस मामले पर आए फैसले का अंदेशा उनसे हो गया था। सबसे बड़ी अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई पर पूरी रोक तो नहीं लगाई है, लेकिन इसके लिए मानक प्रक्रिया बनाकर राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों के हाथ जरूर बांध दिए हैं। जैसा कि हर फैसले के साथ होता है, हर पक्ष अपने-अपने हिसाब से इसकी व्याख्या कर रहा है। बुलडोजर कार्रवाई के विरोधी इसे अपनी जीत बता रहे हैं, वहीं इसके समर्थक इस फैसले में भी कार्रवाई के लिए राह खोज रहे हैं। इससे साफ है कि बुलडोजर न्याय सिर्फ स्पीड ब्रेकर का काम करेगा, ब्रेक नहीं बन पाएगा। स्पीड ब्रेकर तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार को धीमी करता है, जबकि ब्रेक गाड़ी को रोक देता है। यह फैसला भी कुछ इसी तरह का साबित होने जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई को नियंत्रित करते वक्त एक तथ्य पर ध्यान नहीं दिया है। हमारे यहां आपराधिक मामलों की सुनवाई की जो प्रक्रिया है और उसमें जिस तरह की देर लगती है, उसे अपराध करने वालों ने अपने लिए आड़ बना रखा है। बरसों तक धीमी गति से चलने वाली न्यायिक प्रक्रिया का एक संदेश यह है कि ताकतवर चाहे तो अपराध करने के बावजूद प्रक्रिया की घुमावदार गलियों में न्यायिक फैसले को टाल सकता है। यह टालना इतना लंबा हो जाता है कि एक तरह से वह न्याय से इनकार हो जाता है। देर है पर अंधेर नहीं की सोच भी उबाऊ और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के सामने धुंधली होते-होते समाप्त हो जाती है। इसी घुमावदार और लंबी-धीमी न्यायिक प्रक्रिया का विकल्प बनकर बुलडोजर न्याय उभरा था। राज्य सरकारों ने इसे त्वरित न्याय के साधन के तौर पर अपनाया और देखत ही देखते अपराधमुक्त समाज की चाहत रखने वालों की चहेती बन बैठीं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्रवाई की मानक प्रक्रिया बनाते हुए त्वरित न्याय के विकल्प या न्यायिक प्रक्रिया की घुमावदार गलियों को पूरी तरह नजरंदाज किया है। यही वजह है कि इस फैसले के बाद अपराधियों, गैंगस्टरों, असामाजिक तत्वों के उभार को लेकर समाज का एक बड़ा वर्ग सशंकित हो उठा है। देश की सबसे



बड़ी अदालत होने के चलते सुप्रीम कोर्ट को इस सामाजिक सोच का भी संज्ञान लेना चाहिए और उसे भी आश्वस्त करना चाहिए कि उसके फैसले के बावजूद किसी गैंगस्टर, कोई अपराधी या समाज विरोधी तत्व को कमजोर तबके की जमीनों या सार्वजनिक संपत्तियों के अतिक्रमण का हक नहीं मिल जाता। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उत्तरी दिल्ली के एक मामले में दिया है। अप्रैल 2022 में दिल्ली के जहांगीर पुरी में रामनवमी के दिन निकले जुलूस पर एक मस्जिद और उस इलाके से जुलूस पर हुए पथराव और उससे उपजी हिंसा के जवाब में दिल्ली नगर निगम ने अवैध अतिक्रमणों को हटाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई को सांप्रदायिक कार्रवाई का रंग देते हुए सेकुलर धारा के दिग्गज वकीलों मसलन कपिल सिब्बल आदि ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। भले ही सुनवाई इसी मामले की होती रही, लेकिन संदेश ऐसा गया मानो उत्तर प्रदेश की सरकार की बुलडोजर कार्रवाई के खिलाफ सुनवाई हो रही है। इसकी वजह यह रही कि उत्तर प्रदेश की सरकार ने त्वरित न्याय के विकल्प के रूप में इसे अपनाया। तब उत्तर प्रदेश सरकार को लेकर यह छवि बनाई गई कि वह सिर्फ अल्पसंख्यक यानी मुस्लिम तबकों के खिलाफ ही बुलडोजर कार्रवाई करती है। जबकि योगी सरकार ने बिरादरी से ब्राह्मण लेकिन कर्म से माफिया और गैंगस्टर विकास दुबे के खिलाफ भी इस कार्रवाई को किया। भदोही के बिरादरी से पंडित गैंगस्टर और राजनेता विजय मिश्रा की अतिक्रमित संपत्तियां भी उत्तर प्रदेश सरकार के निशाने पर रहीं। लेकिन प्रचारित सिर्फ अतीक, मुख्तार जैसे मुस्लिम दबंगों और माफियाओं की संपत्तियों के खिलाफ हुई कार्रवाई ही की जाती रहीं। इस बहाने त्वरित न्याय के इस सरकारी विकल्प को हिंदुत्ववादी राजनीतिक दर्शन का ना सिर्फ नतीजा बताया गया, बल्कि यह नैरेटिव स्थापित कर दिया गया। इसीलिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर आम लोगों के बीच संदेश यही गया है कि यह उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ आया फैसला है। बुलडोजर कार्रवाई को लेकर प्रचारित सिर्फ योगी सरकार रही, लेकिन अवैध अतिक्रमण के खिलाफ आंध्र, तेलंगाना, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश आदि सरकारों ने भी की है। एक आंकड़े के मुताबिक, पिछले सात सालों में करीब 2000 अवैध अतिक्रमण बुलडोजर कार्रवाई में ढहाए गए। जिनमें सबसे ज्यादा करीब डेढ़ हजार मामले उत्तर प्रदेश के ही रहे। लेकिन उत्तर प्रदेश में इस कार्रवाई से खाली कराई गई जमीनों को कमजोर तबकों में बांटा भी गया है। करीब सात सौ ऐसे प्लॉट बांटे जा चुके हैं। इसकी चर्चा कम हो रही है। निश्चित तौर पर इससे किसी को इनकार नहीं होगा कि किसी अपराधी के अपराध की कीमत उसका पूरा परिवार अपना घर गवांकर क्यों चुकाए। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि अपराधी का घर भी अगर सरकारी तंत्र के निशाने पर बना तो उसकी वजह उसका नियमित निर्माण नहीं, बल्कि अवैध कब्जा और अतिक्रमण रहा। अब तक बुलडोजर कार्रवाई नगर पालिकाओं, पंचायती राज संस्थाओं का विषय रहा है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इसे में स्थानीय जिला अधिकारी और उप जिलाधिकारी भी शामिल हो गए हैं। अवैध कब्जे और अतिक्रमण के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई जिला अधिकारी की निगरानी में होगी और इसके लिए मान्य प्रक्रिया और नोटिस आदि देने की अवधि का पूरी तरह निर्वहण किया जाएगा। इस प्रक्रिया की राह में एक बाधा नजर आ रही है। जिला प्रशासन समय और काम के बोझ का बहाना बनाकर ऐसी कार्रवाइयों को टाल सकता है। अपराधी, माफिया और गैंगस्टर कब्जे करते रहेंगे, और धीमी न्यायिक प्रक्रिया के चलते वे अपने अपराध को प्रकारांतर से स्थापित करते रहेंगे। इससे त्वरित न्याय प्रक्रिया की वैकल्पिक सोच भी कुंद होगी। ऐसे में न्याय की उम्मीद भी धुंधली होगी। ऐसे में आपराधिक तत्वों पर लगाम लगा पाना आसान नहीं रह जाएगा।

दृष्टि कोण

# बुलडोजर न्याय में हो रही मनमानी पर रोक

सरकारों की गलतफहमी है कि एक बार चुनाव जीतने के बाद उन्हें मनमानी का अधिकार मिल जाता है। इसी भ्रम में सरकारें अपने को अदालत से ऊपर समझने लगती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोर एक्शन के मामले में फैसला देकर सरकारों का यह सपना तोड़ दिया है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला दिल्ली की आप सरकार के मामले में दिया है, किन्तु यह लागू सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों पर होता है। सुप्रीम कोर्ट ने 13 नवंबर को बुलडोजर एक्शन के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुनाते हुए तीखी टिप्पणी की। साथ ही बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर गाइडलाइन तय कर दी। फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने दो टूक कहा कि किसी भी मामले में आरोपी होने या दोषी ठहराए जाने पर भी घर तोडऩा सही नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने जमीयत उलेमा-ए-हिन्द बनाम उत्तरी दिल्ली नगर निगम व अन्य से संबंधित केस में दो टूक कहा है कि इस मामले में मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारी मनमाने तरीके से काम नहीं कर सकते। बगैर सुनवाई आरोपी को दोषी करार नहीं दिया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अपना घर पाने की चाहत हर दिल में होती है। यद्यपि यह फैसला दिल्ली सरकार से संबंधित है, पर इसमें कोई दो राय नहीं है कि इस फैसले के बाद अब योगी सरकार के लिए बुलडोजर एक्शन लेना भी मुश्किल हो जाएगा। कार्यपालिका के पास असीम शक्तियां होती हैं। इसी बल पर हर साल सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को कार्यपालिका विभिन्न कारणों को आधार बनाकर सैकड़ों आदेशों का अनुपालन नहीं करती है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार से शुरू हुआ बुलडोजर एक्शन का यह सिलसिला पूरे देश में फैल गया था। राज्यों की सरकारों ने इसका राजनीतिक इस्तेमाल करने में कसर बाकी नहीं रखी। वोट बैंक राजनीति ऐसे फैसलों में साफ नजर आती है। हालांकि उत्तर प्रदेश में बुलडोजर एक्शन अपराधियों के आवास और व्यावसायिक प्रतिष्ठान गिराने के लिए लिया गया था। बुलडोजर एक्शन में भी अपराधियों में भेदभाव के उदाहरण मौजूद हैं। इसका दुरुपयोग भी सांप्रदायिक आधार पर किया गया। इसमें कोई संदेह नहीं कि ऐसी सख्त कार्रवाई से अपराधियों में कहीं न कहीं खौफ उत्पन्न होता है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने जिस तरह माफिया या गैंगस्टर का सफाया किया, उससे काफी हद तक अपराधों पर लगाम लग सकी है। इस कार्रवाई से शायद ही कोई इत्तफाक रखता हो। सवाल यही आता है कि अपराध रोकने की आड़ में सरकार क्या कानून से ऊपर है। बुलडोजर एक्शन में यही बात नजर आती है। दरअसल यह काम देश की अदालतों का है कि सुनवाई के बाद आरोपी को सजा देने या नहीं देने का। बुलडोजर एक्शन में ऐसे न्याय की संभावना पहले ही खत्म हो जाती है, जहां बगैर किसी सुनवाई के फैसला सुना दिया जाता है। इससे यदि आरोपी गलत न भी हो तो उसे घर या दुकान तुड़वाने की सजा भुगतनी पड़ती है। जबकि सजा तय करने की जिम्मेदारी अदालतों की है। सरकारों की यह हरकत निश्चित तौर पर अदालतों के मामले में दखलअंदाजी रही है। बुलडोजर एक्शन की कार्रवाई सरकारों को बेशक सस्ती लोकप्रियता दिला सकती है, न्याय नहीं। महाराजगंज जिले में सडक़ के फोरलेन का चौड़ीकरण के संबंध में एक व्यक्ति का मकान गिराने को लेकर कोर्ट ने काफी तीखी टिप्पणी दी और उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख का जुर्माना भी लगाया। हालांकि यह विकास कार्यों के लिए की गई कार्रवाई थी। इसमें सरकार की वह मंशा नहीं थी कि किसी अपराधी का घर गैरकानूनी अवैध कब्जा की बात कहकर गिराई गई हो। फिर भी कोर्ट ने पीड़ित की बात सुनी। इस तरह के अतिक्रमण हटाने के भी कायदे-कानून बने हुए हैं। उनकी पालना किए बगैर सीधे बुलडोजर दौड़ा देना अन्याय ही कहा जाएगा। ऐसे मामलों की भी कमी नहीं हैं, जहां आम आदमी की सम्पत्ति को अतिक्रमण के नाम पर ढहा दिया जाता है, वहीं रसूखदारों की तरफ प्रशासन की आंख उठाने की भी हिम्मत नहीं होती। देश का शायद ही ऐसा कोई शहर होगा, जहां प्रभावशाली लोगों के अतिक्रमण तोडऩे में सरकार और प्रशासन ने उदाहरण पेश किए होंगे। सरकार और प्रशासन प्रभावशाली लोगों के सामने कैसे नतमस्तक हो जाते हैं, इसका सबसे बड़ा उदाहरण नोएडा के ट्विन टावर का मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने अगस्त 2021 में सुपरटेक के नोएडा एक्सप्रेसवे पर स्थित एमराल्ड कोर्ट प्रोजेक्ट के अपैक्स और सियान टॉवरों को अवैध ठहराया था।

कुछ अलग


# फाइव स्टार समोसा...

जांच एजेंसियां पसीने से तर-ब-तर हैं। समोसा कौन खा गया, इसकी तफतीश करना गले की फांस बन गया है। समोसा भी कोई ऐसा वैसा समोसा नहीं था जो किसी हलवाई की दुकान से गायब हो गया हो। फाइव स्टार समोसा था। ऐसे समोसे के आगे गलीछाप समोसे हमेशा शर्मिंदा खड़े रहते हैं। फाइव स्टार समोसा था, इसलिए समोसे की पूरी ठसक थी। पूरी सिक्योरिटी में उसे गंतव्य तक लाया गया था। दो जवान आगे थे, दो पीछे। क्या मजाल कि किसी की बुरी नजर समोसे पर पड़ जाए। क्या मजाल कि समोसे की तरफ कोई आंख उठा कर देख ले। सुरक्षाकर्मी पूरी तरह मुस्तैद थे। समोसे को पहली बार इतनी हाई सिक्योरिटी मिली हुई थी। छोटे-मोटे समोसे शर्मिंदा थे। हीनभावना से ग्रस्त थे। लेकिन फाइव स्टार समोसा अपने मूंछों पर ताव दे रहा था। डिब्बे के भीतर मंद-मंद मुस्करा रहा था। लेकिन इसी बीच सर्जिकल स्ट्राइक हो गई। यह महाकीमती समोसा जिनकी प्लेट तक पहुंचना चाहिए था, वहां नहीं पहुंचा और किसी और के ही पेट में चला गया। हडक़ंप मच गया। ठीक वैसे ही हडक़ंप मच गया जैसा राज्यसभा चुनाव के दौरान मचा था जब सत्ता पक्ष के कुछ विधायकों ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के आगे रखी गुलाब जामुन की प्लेट सरकाकर दूसरे प्रत्याशी के आगे रख दी थी और फिर हेलीकॉप्टर से उड़ गए थे। अभी जांच एजेंसियां हेलीकॉप्टर के पंखों की पड़ताल में ही उलझी थी कि इसी बीच फाइव स्टार समोसा कोई और ही लपक गया। चटनी तक हाथ नहीं आई। कोई और ही हाथ साफ कर गया। सिर्फ नाक तक खुशबू पहुंची, लेकिन समोसा पेट के अंदर नहीं पहुंचा। किसी दूसरे के पेट के अंदर जाकर डकार मारने लगा। मामला अत्यंत संवेदनशील हो गया। हाई प्रोफाइल हो गया। जांच एजेंसियों ने फिर समोसे की लोकेशन ट्रेस करने के लिए उच्च तकनीकी उपकरणों का सहारा लिया। हर कैमरे की फुटेज बारीकी से खंगाली गई कि कहीं समोसे की आखिरी झलक मिल जाए। जांचकर्ताओं ने सुरक्षाकर्मियों के पिछले खाने के रिकॉर्ड भी निकाल लिए हैं, कितने समोसे, कितनी कचौडियां, सब का हिसाब लिया जाने लगा। टीआरपी की होड़ में लगे मीडिया हाउस इतने उत्साहित थे कि वे ‘समोसे के आंसू’ की डॉक्यूमेंट्री बनाने की तैयारी में जुट गए। एक फेसबुकिया चैनल ने यह दावा कर दिया कि इस समोसे की चोरी में एक अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र भी हो सकता है। एक चैनल में चली लाइव बहस में एक सज्जन ने इसमें विपक्ष का हाथ बता दिया। सुनने में आया है कि जांच एजेंसियां अब समोसे का डीएनए टेस्ट करवाने पर भी विचार कर रही हैं। समोसे के भीतर के आलू के अंश और मसाले की मात्रा को बारीकी से खंगाला जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि आखिर किसने इतनी बेशर्मी से इसे चट कर लिया। खबर आई है कि सीसीटीवी फुटेज में समोसे का आखिरी बार मुंह के अंदर जाते हुए एक ‘अनाम सुरक्षा कर्मी’ नजर आ रहा है, और उसका चेहरा ‘सुरक्षित’ रखने की हिदायत दी गई है। समोसा बनाने वाले फाइव स्टार होटल के मालिक का बयान भी सुर्खियां बटोर रहा है। समोसे के प्रकरण में पहली बार समोसे के मालिक को मीडिया के सामने आना पड़ा है। इतिहास में पहली बार ऐसा घटित हुआ है। हो सकता है कि आने वाले दिनों में स्कूली पाठ्यक्रम में भी समोसे की गाथा शामिल हो जाए। बेशक, देश और प्रदेश के सामने और भी कई मुद्दे हैं, लेकिन फिलहाल यह फाइव स्टार समोसा सबसे बड़ी प्राथमिकता बना हुआ है।

देश दुनीया से

# गुरु नानक जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक

बात उस समय की है जब भारत में प्रथम मुगल बादशाह बाबर ने आक्रमण कर भारत पर अपना राज चलाया। साथ ही वह इस्लाम धर्म को भी बढ़ावा दे रहा था। उस समय दक्षिण एशिया के पंजाब में सनातन धर्म और इस्लाम धर्म ही था। गुरु नानक देव जी को इस्लाम, ईसाई, सनातन और यहूदी धर्म का गूढ़ ज्ञान था। भारत में इस्लाम धर्म के अधिक बढ़ावे को देखकर गुरु नानक देव जी ने सिख धर्म की स्थापना करनी चाही। वैसे तो सिख धर्म के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी कहलाए जाते हैं, जिनका अनुसरण सिख धर्म के 9 गुरुओं ने बड़े आदर और निष्ठा से निभाया। इसकी धार्मिक परंपराओं को गुरु गोविंद सिंह जी, जो सिख धर्म के दसवीं पातशाही थे, ने 13 अप्रैल 1699 ईस्वी को बैसाखी वाले दिन को अंतिम रूप दिया। सिख धर्म के 10 गुरु- श्री गुरु नानक देव जी, श्री गुरु अंगद देव जी, श्री गुरु अमरदास जी, श्री गुरु रामदास जी, श्री गुरु अर्जन देव जी, श्री गुरु हरि गोविंदजी, श्री गुरु हरि राय जी, श्री गुरु हरकृष्ण जी, श्री गुरु तेग बहादुर जी व श्री गुरु गोविंद सिंह जी थे, जिन्होंने सिख धर्म पर प्रचार-प्रसार कर सनातन धर्म की रक्षा की। इनके साथ-साथ कुछ भक्त भी ऐसे हुए जिन्होंने सनातन धर्म, सिख धर्म और ‘ईश्वर एक है’ का बखान एवं प्रचार-प्रसार किया। इनमें से बाबा नामदेव, भक्त कबीर, भक्त रैदास, बाबा फरीद की बाणियां श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में पाई जाती हैं। समाज में फैली बुराइयों, कुरीतियों और हिंसा को बदलने के लिए ही समय-समय पर अवतार होते रहे हैं। ऐसे में ही गुरु नानक देव जी का जन्म रावी नदी के किनारे तलवंडी नामक स्थान पर संवत 1527 सन 15 अप्रैल 1469 ईस्वी को कालू मेहता तथा माता तृप्ता देवी के घर हुआ। गुरु नानक देव जी की एक बहन नानकी जी, जो 5 साल बड़ी थी, वह नानक से बहुत प्रेम करती थी। साल 1475 ईस्वी में बेबे नानकी की शादी हो गई और वह अपने ससुराल सुल्तानपुर चली गई। 16 वर्ष की आयु में गुरु नानक देव जी की शादी मूला की बेटी सुलखनी देवी से हुई। 32 साल की आयु में इनके पहला बेटा श्रीचंद का जन्म हुआ। 4 साल बाद दूसरे बेटे लख्मी दास का जन्म हुआ। 1507 ईस्वी में नानक देव जी अपने परिवार की जिम्मेदारियां ईश्वर पर छोडक़र भाई मरदाना, भाई लहना, भाई बाला और भाई रामदास को साथ लेकर तीर्थ यात्रा पर निकल पड़े। गुरु नानक देव जी के बड़े बेटे श्रीचंद आगे चलकर उदासी संप्रदाय के संस्थापक बने। एक बार गुरु नानक देव जी अपने ससुराल सुल्तानपुर में स्नान-ध्यान के लिए पास की नदी पर गए और 3 दिन तक नहीं लौटे। जब वह लौटे तो वह एक असामान्य इनसान की तरह लगे। जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा ‘न कोई हिंदू है, न कोई मुसलमान है’। इन्हीं शब्दों को उनकी शिक्षाओं की शुरुआत माना जाता है। उन्होंने लोगों को सिखाया कि ईश्वर प्राप्ति के लिए हमें किसी अनुष्ठान और पूजा-पाठ की आवश्यकता नहीं है। ईश्वर को पाने के लिए उन्होंने लोगों से ईश्वर का नाम जपने को कहा। उन्होंने लोगों को दूसरों की मदद करना, सेवा करके आध्यात्मिक जीवन जीना सिखाया। उन्होंने तीन बड़ी शिक्षाओं पर जोर दिया- नाम जपो, ईमानदारी से काम करो, दान करो और बांट कर खाओ। नानक देव जी को उनके अनुयायी नानक देव, बाबा नानक और नानक शाह नाम से संबोधित करते थे। नानक देव जी एक दार्शनिक, योगी, गृहस्थ, धर्म सुधारक, समाज सुधारक, कवि, देशभक्त और विश्व बंधु अपने जीवनपर्यंत रहे। उन्होंने धर्म के प्रचार-प्रसार और ईश्वर के संदेशों को पूरी दुनियां में फैलाने के लिए देश-विदेश और उपमहाद्वीपों की चार अध्यात्मिक यात्रा की। सबसे पहले वह अपने माता-पिता के पास गए और इन यात्राओं का महत्व बताया और फिर यात्रा शुरू की। उनकी पहली यात्रा लगभग 7 साल की रही। इसमें उन्होंने भारत और पाकिस्तान के अधिकांश भाग को समेटा। दूसरी यात्रा में उन्होंने वर्तमान श्रीलंका के बड़े भाग को समेटा। इसमें भी 7 साल का समय लगा। तीसरी यात्रा में उन्होंने हिमालय, कश्मीर, नेपाल, सिक्किम, तिब्बत और ताशकंद जैसे पर्वतीय क्षेत्रों को लगभग 5 साल में पूरा किया। चौथी यात्रा में उन्होंने मक्का और मध्य पूर्व के अन्य स्थानों का भ्रमण लगभग 3 साल तक किया। पांचवीं यात्रा में उन्होंने 2 साल तक पंजाब में संदेश फैलाया। ऐसा माना जाता है कि उन्होंने अपने जीवन के लगभग 24 वर्ष इन यात्रा में बिताए और पैदल ही लगभग 28000 किलोमीटर की यात्रा की। 55 वर्ष की आयु के बाद श्री नानक देव जी ने अपना समय करतारपुर में ही बिताया। इस अवधि के दौरान वे अचलके नाथ योगी केंद्र और पाकपट्टन और मुल्तान के सूफी केंद्रों की छोटी-छोटी यात्रा पर गए। गुरु नानक देव जी के असंख्य अनुयायी हुए, जिनमें हिंदू-मुसलमान सम्मिलित थे। सभी अनुयायी गुरु नानक देव जी का बहुत सत्कार करते थे। गुरु नानक देव जी ने अपना पूरा जीवन मानव जाति के कल्याण में लगा दिया। इसके साथ ही वह हमेशा अपनी वाणी के माध्यम से लोगों को प्रेम से रहने के लिए प्रेरित करते थे तथा सभी तरह की जाति-धर्म का त्याग करके ईश्वर की भक्ति में लीन रहने का मार्ग दिखाते थे। गुरु नानक देव जी ने अपनी गुरु गद्दी के लिए अपने प्यारे चार सह साथियों में से भाई बाला, भाई मरदाना, भाई लहना, भाई रामदास में से भाई लहना जी को अपना उत्तराधिकारी चुना। बाद में यही भाई लहना जी श्री गुरु अंगद देव जी के नाम से सिखों के दूसरे गुरु हुए। अपने उत्तराधिकारी की घोषणा करने के कुछ समय पश्चात गुरु नानक देव जी 22 सितंबर 1539 ईस्वी को करतारपुर में 70 वर्ष की आयु में ज्योति ज्योत समा गए। जानकारों के अनुसार यह पता चलता है कि श्री गुरु नानक देव जी के पार्थिव शरीर को लेकर हिंदू-मुसलमानों में बहस हो गई। हिंदू अपने रिवाज के अनुसार दाह संस्कार करना चाहते थे, तो मुसलमान अपने रिवाज के अनुसार दफनाना चाहते थे। बहस के दौरान ही जैसे ही पार्थिव शरीर से चादर हटाई गई, तो शव के स्थान पर सुगंधित फूलों की ढेरी पाई गई, जिन्हें आधे हिंदू लोग और आधे मुसलमान लोग ले गए। हिंदू लोग उन्हें शाही फकीर कहते व मुसलमान लोग उन्हें पीरों के पीर कहते थे।



आप का नजरीया

# कांगड़ा में खुलती खिड़कियां

धर्मशाला के सचिवालय में सत्ता की रुह निवास करती है, इसे सिद्ध करते मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने एक दिन सरकार चला कर कांगड़ा की नब्ज पकड़ी। सरकार की कोई भी हलचल कांगड़ा में सराबोर हो, तो एक साथ कई खिड़कियां खुल जाती हैं। यह कोशिश वाईएस परमार के दौर पर जिस तरह हुई, उससे कहीं विपरीत आशाएं व आश्वासन बदले हैं। सत्ता के हर दरवाजे पर कांगड़ा खड़ा रहा, तो राजनीति के हर कठघरे में भी यही जिला रहा। पार्टियों को समझ आ गया और ये दरवाजे हर मुख्यमंत्री को भी राजनीतिक नक्शों तक ले गए, लेकिन घोषणाएं कई बार केवल चित्रकार बनी रहीं। इसीलिए घोषणाओं की शब्दावली में नवाचार होता रहा और इसी संदर्भ में वीरभद्र सिंह के शासन काल से सुखविंदर सिंह सुक्खू के मुख्यमंत्रित्व काल आने तक कई तगमे और कई तखल्लुस जुड़ते गए। यही वजह है कि जब किसी मंत्री या मुख्यमंत्री के आगमन पर धर्मशाला सचिवालय के दरवाजे खुलते हैं या शीतकालीन राजधानी के प्रोटोकॉल में एहसास स्थापित होता है, तो सत्ता के शिखर पर कांगड़ा के नाम की वसंत उग आती है। इस वसंत को वीरभद्र सिंह ने शीतकालीन राजधानी या तपोवन में शीतकालीन सत्र तक पहुंचाया, तो शीतकालीन प्रवास की ऊबड़-खाबड़ राहों पर प्रेम कुमार धूमल व जयराम ठाकुर भी चले। प्रेम कुमार धूमल ने भले ही धर्मशाला में हिमाचल भवन का तख्त छीना, लेकिन राज्य सरकार का व्यावहारिक सचिवालय स्थापित किया। वह खेल राजधानी के सफर को धर्मशाला तक लाए, तो अब सुखविंदर सिंह सुक्खू कांगड़ा में पर्यटन राजधानी की जमीन का विस्तार कर रहे हैं। इसी आशय की एक बैठक में धर्मशाला सचिवालय गूंजता है, तो कांगड़ा सुनता है। कांगड़ा सुनता है कि गगल एयरपोर्ट विस्तार की वचनबद्धता से बंधे मुख्यमंत्री ने सारी ताकत झोंक कर इक सपना दिखाया है। गगल एयरपोर्ट विस्तार से भविष्य की रफ्तार बदल जाएगी। न केवल पर्यटन, बल्कि व्यापार-रोजगार भी अपनी दिशा बदल लेगा। युग बदलने की कोशिश में हिमाचल के अपने रास्ते, केंद्र सरकारों से वास्ते तथा राजनीतिक जिम्मेदारियां रही हैं। प्रदेश में यूं तो कांगड़ा का कद बड़ा है, लेकिन यह सत्ता में छोटा ही रहा है। इसे हर मुख्यमंत्री ने अंगुली से पकडक़र अपने-अपने ढंग से चलाया, फिर भी वीरभद्र के मानचित्र पर उकेरे गए संकल्प की भूमिका आज भी प्रासंगिक है। मसलन राजधानी शिमला के समकक्ष धर्मशाला की तलाशी में कुछ सियासी प्रतीक आज भी सुदृढ़ हैं। यह दीगर है कि कुछ मसलों में राजनीतिक शास्त्र ने नए अध्याय जोड़े। देहरा में मुख्यमंत्री कार्यालय ऐसी ही एक खोज है, जिसको लेकर भाजपा की आपत्तियां सामने आई हैं। कांगड़ा ने हमेशा सत्ता को खोजा, लेकिन क्या पाया, इसका हिसाब आज तक नहीं हो पाया। बावजूद इसके जब कोई मुख्यमंत्री धर्मशाला के सचिवालय या तपोवन विधानसभा परिसर से कांगड़ा के फरियादियों का भगवान बना नगर आता है, तो यहां का राजनीतिक श्रम सार्थक हो जाता है।

# घर से 100 मीटर दूरी पर सड़क किनारे खून से लथपथ मिला युवक का शव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा/हंटरगंज :** हंटरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कोबना पंचायत के डाहा गांव हंटरगंज - कौलेश्वरी मुख्य पथ के किनारे मंगलवार सुबह लगभग 6 बजे एक 21 वर्षीय युवक का शव खून से लतपथ पड़ा मिला। घटना की जानकारी होने पर पड़ोसियों ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है वही पुलिस हर एक बिंदु पर बारीकी से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार डाहा निवासी पवन कुमार यादव (21) वर्ष पिता बैजू यादव आर्मी की तैयारी कर रहा था अगले 24 तारीख को उसकी रांची में दौड़ भी थी। पुलिस मृतक के पास से मोबाइल लेकर कॉल डिटेल्स खंगाल रही है । हालांकि पिता बैजू ने किसी पर सीधे आरोप पर इंकार किया है। परिजनों ने पूरे



मामले की जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि पवन सीधा - साधा लड़का था किसी से उसकी दुश्मनी नहीं थी। इधर घटना के जानकारी होते ही परिजनों के चीख -चीत्कार से सबकी आँखें नम हो गई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कौलेश्वरी प्रर्यटन स्थल से करोड़ों का सरकार टैक्स वसूली करती है। लेकिन ना तो यहां सीसी टीवी कैमरा सही से काम करता है और ना ही समय पर प्रशासन पेट्रोलिंग करती है। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ है इसकी जानकारी मिलते ही दल - बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है वही मृतक के पास से एक मोबाइल बरामद हुई है उससे कॉल डिटेल्स खंगाला जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की करवाई की जायेगी। परिजनों के द्वारा जो आवेदन दिया जाएगा उसी के आधार पर जांच की जाएगी। खबर लिखे जाने तक परिजनों के द्वारा आवेदन नहीं दी गई थी।कुछ ग्रामीणों ने एक्सीडेंट को प्रथम दृश्य बताया है।

## उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल भुगतान करने की किया अपील



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विद्युत विभाग ने मझिआंव, बरडीहा और कांडी प्रखंडों में आयोजित होने वाले बिजली बिल कैंप की तिथियों में बदलाव किया है। कनीय अभियंता कमल कुमार ने बताया कि मझिआंव बिजली ऑफिस में 24 नवंबर को प्रस्तावित कैंप अब 26 नवंबर को होगा। क्योंकि 24 नवंबर को रविवार होने के कारण कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। खरसोता चार मुहान पर और मझिआंव कार्यालय में 26 नवंबर को कैंप आयोजित किया जाएगा। वहीं, बरडीहा और कांडी के विद्युत सब-स्टेशन पर 20 नवंबर को कैंप लगेगा। कमल कुमार ने उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वे अपने बकाया बिजली बिल संबंधित कैंप में जमा करें। समय पर भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने की कार्रवाई हो सकती है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के सहयोग से विभाग के राजस्व में बढ़ोतरी हो सकता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नौ महिलाओं का किया गया बंध्याकरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को नौ महिलाओं का बंध्याकरण ऑपरेशन किया गया। यह कार्य सदर अस्पताल चतरा के उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार लाल के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ सुमित जायसवाल के नेतृत्व में महिलाओं का ऑपरेशन किया। एवं निशुल्क दवा भी दिया गया है।मौके पर एएनएम रंजू कुमारी सहिया साथी सुचिता कुमारी के साथ की सहिया उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर से चोरी किया बैट्री, भुक्तभोगी ने थाना में दिया आवेदन

**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना के अंतर्गत द्वारी पंचायत के पार टोंगरी गांव निवासी परमेश्वर प्रजापति के घर के सामने लगे महिंद्रा ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर बैटरी की चोरी कर लिया। भुक्तभोगी परमेश्वर प्रजापति ने मंगलवार को अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में कहा गया है।कि बीते सोमवार की साम हम लोग खाना खाकर सो गए थे। अज्ञात चोरों ने महिंद्रा ट्रैक्टर 605 से इ एक्साइड बैटरी की चोरी कर लिए। सुबह ट्रैक्टर के पास गए तो देखा कि ताला तोड़कर बैटरी की चोरी कर ली गई है। महिंद्रा ट्रैक्टर परमेश्वर प्रजापति की पत्नी दीपनी देवी के नाम से है। वहीं थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि आवेदन के आलोक में मामले के जांच करते हुए चोरों को धर पकड़ करने में जुटे है।

## आचार संहिता उलंघन में दो स्वास्थ्य सहियाओं पर की जा रही अग्रेतर कार्रवाई

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के निकट स्थित रेफरल अस्पताल में कार्यरत दो स्वास्थ्य सहियाओं ने आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उलंघन की है।ज्ञात हो कि सिमरिया विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा बीते 13अक्टूबर को सम्पूर्ण झारखंड में आदर्श आचार संहिता लागू किया गया था। जिसके तहत सरकारी व अर्धसरकारी वेतन या मानदेय भोगी कर्मियों को किसी भी राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों का समर्थन पर प्रतिबंध लगाया गया था। बावजूद रेफरल अस्पताल की स्वास्थ्य सहिया बीटीटी चंपा देवी और सहिया साथी चिंता देवी ने आदर्श आचार संहिता के नियम कानून को ताक पर रखकर खुलकर उसका उल्लंघन की है। आदर्श अचार संहिता मामले में दोनों स्वास्थ्य सहियाओं को भाजपा का पट्टा धारण कर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करते देखा गया। उक्त मामला सिमरिया एसडीओ सह निर्वाचित पदाधिकारी आईएस सन्नी राज, मजिस्ट्रेट चंद्रदेव प्रसाद और गौरव कुमार राय को अवगत कराया गया था। उक्त संबंध में पूछे जाने पर मजिस्ट्रेट गौरव कुमार राय ने बताया कि मामले पर संज्ञान लिया जा चुका है कुछ अधिकारी से बात करने पर यह स्पष्ट हो गया है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने को लेकर स्वास्थ्य सहिया बीटीटी चंपा देवी और सहिया साथी चिंता दे के विरुद्ध अनुशासनात्मक ढंग से अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

# नियमानुसार व गुणवत्तापूर्ण होगा सोलर लाइट का अधिष्ठापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** कुछ अखबारों और सोशल मीडिया में भ्रामक खबरों के बीच जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से चतरा नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद के माध्यम से अधिष्ठापित किए जानेवाले सोलर लाइट के कार्य का अपर समाहर्ता चतरा की अध्यक्षता वाली त्रिस्तरीय कमिटी विभिन्न जगहों का सोलर लाइट की गुणवत्ता का जांच किया। जांच में अखबारों के माध्यम से प्रकाशित किए गए 30 वाट की जगह पर लगाए जा रहे 12 वाट की एलईडी इस खबर के जांच में टीम द्वारा स्काई लिफ्टर गाड़ी के माध्यम से नगर परिषद क्षेत्र में लगाए गए विभिन्न सोलर लाइट का एलईडी का जांच किया गया जिसमें सभी जगह पर 30 वाट के एलईडी लाइट पाए गए। साथ ही लाइट के बैटरी 60 एच सोलर प्लेट 160 डब्लूपी एवं पॉल का हाईट 7 मीटर और बाकी गुणवत्ता भी प्राक्कलन के



अनुसार पाया गया।ज्ञात हो कि शहर में अधिष्ठापित किए जानेवाले सोलर लाइट की गुणवत्ता की लगातार निगरानी के लिए उपायुक्त श्री रमेश घोलप के निर्देश पर अपर समाहर्ता चतरा अरविन्द कुमार की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी की सदस्यता में त्रिस्तरीय कमिटी का गठन किया गया है। जिनको अधिष्ठापन कार्य के दौरान औचक निरीक्षण कर गुणवत्ता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। कुछ अखबारों के माध्यम से जडेजा एवं बाजार दर से अधिक मूल्य का लाइट का क्रय करने से संबंधित का आरोप लगाते हुए प्रकाशित खबरों के संदर्भ में कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि झारखंड रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (ज्रेडा) के सोलर लाइट एवं नगर परिषद द्वारा लगाए जा रहे सोलर लाइट के विशेषताओं में काफी अंतर है। जिसमें पॉल की गुणवत्ता लम्बाई/सोलर लाइट की गुणवत्ता एवं क्षमता/सोलर प्लेट की गुणवत्ता एवं क्षमता में बेहतर है साथ ही संवेदक के द्वारा पांच साल का रख रखाव भी संवेदक के द्वारा ही किया जाना है। जिसके लिए एकरारनामा की 10प्रतिशत राशि की कटौती कर सुरक्षित रखी जानी है। इसलिए अधिक दर पर क्रय करने की खबरों को नगर परिषद द्वारा खंडन करते हुए शहर के विकास हेतु किए जा रहे कार्यो में सहायोग करने की अपील नगर परिषद द्वारा की गई।

**संवेदक को स्पष्टीकरण के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश : बिनिता कुमारी**

विगत कुछ दिनों में सोलर लाइट अधिष्ठापन के दौरान कुछ सोलर लाइट खराब होने की खबरें/सूचना पर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी बिनिता कुमारी द्वारा संवेदक/आपूर्तिकर्ता सार्प इन्पोटेक को स्पष्टीकरण किया गया था। जिसपर संवेदक द्वारा अभी अधिष्ठापन के द्वौरान ट्रायल टेस्टिंग में कुछ तकनीकी समस्या आने की बात कहते हुए इसको जल्द से जल्द निराकरन करते हुए गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने की बात कही गई। जिला खनीज फाउण्डेशन ट्रस्ट मद से शहर की सुंदरता एवं सोलर लाइट की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार सोलर लाइट के कार्य का प्राक्कलन तैयार कर उसके दर का निर्धारण मुख्य अभियंता नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखण्ड रांची से तकनीकी स्वीकृति के पश्चात जिला स्तरीय निविदा समिति के माध्यम से जेम पोर्टल पर नियमानुसार निविदा प्रकाशित करते हुए एजेंसी का चयन किया गया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य की लगातार निगरानी की जा रही है। भ्रामक एवं अधूरे तथ्यों के अधार पर खबरों को न चलाने की मै अनुरोध करती हुँ।

## आधा दर्जन जल मीनारें खराब, ग्रामीण परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर प्रखंड के चपरी पंचायत में लगभग आधा दर्जन जल मीनारें खराब पड़ी हैं।जिससे ग्रामीणों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। इन जल मीनारों का निर्माण ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत हुआ था। लेकिन रखरखाव के अभाव में ये अब खराब हो चुके हैं।इस संबंध में ग्रामीणों का कहना है कि जल मीनारों की स्थिति पिछले कई महीनों से खराब है। अधिकांश मीनारों की स्टार्ट मोटर और पाइपलाइन में लीकेज जैसी तकनीकी समस्याएं हैं। जिसके चलते नल में पानी नहीं पहुंच रहा। जिन मीनारों से गांव के सैकड़ों परिवारों को पानी मिलना चाहिए था, वहां अब लोग मजबूरी में हैंडपंप और कुओं का सहारा ले रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिकायतों का समाधान नहीं किया जा रहा है।

## भाटचतरा में सात दिवसीय राम लीला महोत्सव का आयोजन

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम भाटचतरा स्थित दुर्गा मंडप के समीप रामायण प्रचारक मण्डल कांशी मीरजापूर उतर प्रदेश के रामकुमार द्वारा सात दिवसीय श्री राम लीला महोत्सव का यशस्वी आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए डब्लू सिंह ने बताया कि यह कर्यक्रम नगरवासियों एवं ग्राम वासियों के सहयोग से रखा गया है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन संध्या 07:30 बजे से रात्रि 10:30 बजे तक की जाती है। और सातों दिन अलग अलग राम लीला का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम की रूप रेखा सोमवार को दशरथ पुत्र यठी यज्ञ श्री राम जन्म मंगलवार को मुनि आगमन तड़का मारीच सुबाहु वध, सीता स्वयंर रावण वाणासुर संवाद, परशुराम लक्षण संवाद राम सीता विवाह टिकावन सीता खोज लंका दहन लक्षमण शक्ति श्री राम विलाप कुम्करण एवं मैगनाथ वध रावण वध श्री राम राज्यभिषेक इस प्रकार का रामलीला दिखार कर सम्पन्न किया जायेगा। वहीं उस्थित ग्रामवासियों ने निशुल्क एवं धार्मिक कार्यक्रम धर्म प्रेमियों से तन मन धन से सहयोग देकर सफल बनाने की अपील की है।

## मनरेगा व 15 वीं वित्त के लंबित योजना को पूर्ण करने को लेकर बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में मनरेगा व 15वें वित्त योजना अंतर्गत लंबित योजनाओ को लेकर बैठक की गई। बैठक कि अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने की। उन्होंने बैठक में उपस्थित बारियातू, गोनिया, सिबला, अमरवाडीह, टोटी, साल्वे, डाढ़ा, फूलसु, बालूभाँग सभी नौ पंचायत के पंचायत कर्मियों से योजना के कार्य प्रगति के बारे में जानकारी ली। साथ ही मनरेगा योजना के तहत सभी लंबित योजनाओं को लाभुकों से मिलकर पूर्ण करनें का निर्देश दिया एवं 15वें वित्त योजना को भी ससमय पूर्ण करने की बात कही। उन्होंने कर्मीयों को लंबित योजनाओं को पुरा कराने मे किसी भी तरह के परेशानी होने पर बेधड़क बताने को कहा। आगे उन्होंने कहा कि परेशानी को दूर करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा ताकि क्षेत्र वासियों को योजनाओं का लाभ ससमय मिल सके। मौके पर बीपीओ केतन गुप्ता, आवास कॉर्डिनेटर शशि कुजूर, पंचायत सेवक शेराफेनुस खलखो, प्रकाश कुमार, चंदन कुमार रोजगार सेवक सहित प्रखंड कर्मी अंचल कर्मी मौजूद थे।

# रेलवे के ट्रैकमेन्टेनर और रनिंग कर्मचारियों को उच्च ग्रेड पे दिलाने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पी डबल्यू आई टोरी कार्यालय परिसर में ईसीआरकेयू बरकाकाना शाखा द्वारा मंगलवार को एक चुनावी सभा आयोजित की गई। इस सभा में इंजिनियरिंग सहित अन्य विभागों के रेलकर्मी शामिल हुए। उपस्थित रेलकर्मियों को यह जानकारी दी गई है कि रेलवे में यूनियन की मान्यता प्राप्त करने के लिए रेलवे बोर्ड द्वारा 4,5 तथा 6 दिसम्बर को रेलवे बोर्ड द्वारा चुनाव कराए जा रहे हैं। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज़्याऊद्दीन ने इस चुनाव में ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) को झंडा छाप को समर्थन देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण ओपीएस प्राप्त करने तक ईसीआरकेयू और एआईआरएफ का आंदोलन चलता रहेगा। ओपीएस के सारे लाभ एनपीएस लाभार्थी को दिलवा कर रहेंगे। अपनी बात रखते



हुए एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा ने कहा कि ट्रैकमेन्टेनर और रनिंग कर्मचारियों के पदोन्नति की वर्तमान सोपान से इन कर्मियों के बीच असंतोष बढ़ता जा रहा है। ईसीआरकेयू और फेडरेशन ने इस विषय पर रेलवे बोर्ड के समक्ष कैडर पुनर्गठन करने की मांग रखी है। इस बैठक में ट्रैकमेन्टेनर और रनिंग कर्मचारियों को उच्च ग्रेड पे दिलाने की मांग प्राथमिक मांगों में शामिल है। इसके बाद ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों ने टोरी ओपरेटिंग विभाग के कर्मचारियों से मुलाकात की। प्वाइंट मैन साथियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मो ज़्याऊद्दीन ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उचित फोरम पर समाधान कराने का आश्वासन दिया। ईसीआरकेयू प्रतिनिधियों में मो ज़्याऊद्दीन के साथ ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री ओमप्रकाश, एआईआरएफ के जोनल सेक्रेटरी ओ पी शर्मा, बरकाकाना शाखा सचिव महेंद्र प्रसाद महतो, कार्यकारी अध्यक्ष रणधीर प्रसाद, संगठन मंत्री विकास कुमार तथा जोनल युवा समिति के संयुक्त सचिव अमर कुमार सिंह शामिल रहे। टोरी में गेट मिटींग के बाद ईसीआरकेयू के प्रतिनिधि सड़क मार्ग से शिवपुर बालुमाथ तथा सेक्शन के अन्य स्टेशनों के रेलकर्मियों से भी सम्पर्क कर उनकी समस्याओं का संकलन किया।इस अभियान में यातायात निरीक्षक संजय कुमार, टोरी स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार, शिवपुर स्टेशन प्रबंधक समीर कुल्लू, अमित कुमार, संजय कुमार,श्रवण कुमार, मुन्ना, विजय, संदीप, राहुल, प्रमोद सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी शामिल थे।

## बरवाडीह में ईसीआरकेयू के पदाधिकारियों ने संपर्क अभियान किया तेज



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी चार-पांच और छह दिसंबर को होने वाले रेल यूनियन मान्यता चुनाव को लेकर ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन के नेताओं और पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। मंगलवार को ईसीआरकेयू के शाखा सचिव सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकारणी अध्यक्ष चंदन कुमार, युवा सचिव ऋषि राज, सतेंद्र तिवारी, विनोद कुमार, अभिमान कुमार और सरोज सिंह समेत यूनियन से जुड़े सभी पदाधिकारियों के द्वारा बरवाडीह के सभी डिपो के साथ-साथ केचकी, मंगरा, छिपादोहर, हेहेगड़ा और कुमण्डीह आदि रेलवे स्टेशन अंतर्गत काम करने वाले रेल कर्मचारियों से मुलाक़ात कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए यूनियन के कार्यकाल के दौरान किये गए कार्य और उपलब्धि क़ो गिनाने के साथ साथ आने वाले समय में कर्मियों की हित में किये जाने वाले कार्य और प्राथमिकता क़ो गिनाया गया। जहां सुनील सिंह ने बताया कि ईसीआरकेयू ने सभी विभाग के रेल कर्मचारियों और रनिंग स्टाफ के हित में अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किए है। यूनियन के प्रयासों से यह स्पष्ट है कि ईसीआरकेयू रेलवे कमर्चारियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने रेल कर्मचारियों से अपील किया कि वह मान्यता चुनाव में लाल झंडा निशान पर बटन दबाकर एक बार फिर ईसीआरकेयू को सेवा करने का मौका दें। इस दौरान कर्मचारियों ने भी एक स्वर में ईसीआरकेयू को विजयी बनाने का संकल्प लिया। संपर्क अभियान में संकेत कुमार, रंजित कु. पाण्डेय, शिवा जी, इनायत करीम, रवि रंजन और अमित कुमार समेत यूनियन के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# कोयला परिवहन के दौरान उड़ते धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने डीवीसी के विरुद्ध किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के तुबेद गांव में डीवीसी द्वारा संचालित कोल माइंस से कोयला परिवहन के दौरान उड़ते धूलकण से परेशान ग्रामीणों व स्कूली बच्चों ने लातेहार-नवादा सड़क को करीब पांच घंटे तक जाम कर दिया। जिस कारण हाइवा की लंबी लाइनें लग गई। जामकर्ताओं ने कहा कि डीवीसी कंपनी अपनी मनमानी कर रही है, रैयतों से किये गए वादों को कंपनी अबतक पूरा नहीं की है। व हाइवा से कोयला परिवहन होने के कारण सड़क खराब हो रही है। जिसका खमियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। उड़ते धूलकण से लोग बीमार पड़ रहे हैं। स्कूली बच्चे भी परेशान हो रहे हैं। लेकिन कंपनी द्वारा ना तो सड़क पर पानी का छिड़काव किया जाता है, ना ही ग्रामीणों की समस्या पर कोई बात सुनी जाती है।जब भी इस समस्या को लेकर कंपनी के अधिकारियों से बात की जाती है, तो सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। आश्वासन के बाद एक भी मामले पर पहल नहीं की जाती है। जामकर्ताओं ने इस मार्ग में डीवीसी द्वारा निकलने वाली हाइवा के परिचालन पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे। धरना में बैठे तासु पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल उरांव, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र यादव ने कहा कि हाईवा से कोयला परिवहन के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है। लेकिन इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि अगर डीवीसी कंपनी इस पर अविलंब पहल नहीं करती है तो 25 नवंबर को पुनः धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

# बरवाडीह से सैंकड़ो मजदूरों का पलायन प्रशासन मौन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र में रोजगार दम तोड़ रही है। मनरेगा जैसे योजनाओं में बिचौलिए सक्रिय होने के कारण वास्तविक मजदूर हाशिए पर धकेल दिए गए हैं। प्रखंड क्षेत्र से रोजाना सैकड़ों मजदूरों का पलायन बदस्तूर जारी है पर प्रखंड प्रशासन इस पलायन को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। प्रखंड क्षेत्र के कुछ बिचौलिए ज्यादा पैसे की लालच देकर उन्हें अन्य प्रदेशों में ईट भट्टे में झोंक रहे हैं जबकि वहां मजदूरों का जबरदस्त शोषण किया जाता है। वहीं वर्तमान में यूपी बिहार जैसे इलाकों में धान कटनी जोरों पर है जिसके लिए बिचौलिए सक्रिय हो गए हैं। प्रखंड क्षेत्र में काम के अभाव में प्रतिवर्ष हजारों मजदूर दूसरे प्रदेश पलायन कर चुके हैं। वहीं दलाल बिचोलिया के जाल में फंसे कई मजदूर बंधक



बने हुए। प्रत्येक दिन अक्सर देखा जाता है कि बरवाडीह, मंगरा, केचकी, छिपादोहार, हेहेगड़ा, कुमंडी रेलवे स्टेशनों पर मजदूरों की लाइन लगी रहती है। प्रखंड क्षेत्र में धान कटनी के मौसम में कानून और सुरक्षा के नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है। प्रखंडों में बिचोलिया के माध्यम से धान काटने के लिए मजदूरों को पिकअप वाहनों में भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंसकर बिहार ले जाया जा रहा है। इन वाहनों में न तो कोई सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं और न ही यातायात नियमों का पालन हो रहा है। ओवरलोडिंग के कारण कभी भी गंभीर हादसे होने की संभावना बनी रहती है। वहीं मजदूरों की जान जोखिम में डाल कर ले जाया जा रहा है।

# द्वितीय चरण का चुनाव आज, तैयारी पूरी

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने संत कोलंबस कॉलेज के डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत द्वितीय चरण के तहत 24 मांडू विधानसभा क्षेत्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। इसको लेकर जिला प्रशासन व चुनाव कराने मे जुटे पदाधिकारी पूरी तरह से तैयार हैं। पोलिंग पार्टियां संत कोलंबस कॉलेज से रवाना होकर मतदान स्थल पर पहुँच गई। रवानगी की तैयारियां व डिस्पैच प्रक्रियाओं का जायजा लेने जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय मंगलवार को पहुंची। निरीक्षण के क्रम मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी को रवाना करने के लिए रूट मैप, ईवीएम और तैयार मतदान सामग्री के वितरण की जांच की। वहीं नियुक्ति पत्र वितरण काउंटर, हेल्प डेस्क, मटेरियल डिस्पैच सेंटर, विधानसभा वार कार्मिक कोषांग, पोलिंग पार्टी डिस्पैच सेंटर, कार्मिक रिजर्व, पोलिंग पार्टी के बैठने की व्यवस्था आदि तथा वाहन पड़ाव का भी अवलोकन किया। डिस्पैच सेंटर में ईवीएम और मतदान सामग्री को बूथवार रखा गया था, ताकि पोलिंग पार्टियों को सामग्री देने में किसी तरह की परेशानी न हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने डिस्पैच कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों को लेकर निर्देश दिया कि मतदान कर्मियों के बीच सुलभ तरीके से नियुक्ति पत्र वितरण, मतदान सामग्रियों तथा ई0वी0एम0 मशीन उपलब्ध कराएं। मतदान कर्मियों को सभी प्रकार के सामाग्री वितरण के लिए काउंटर बनाये गये थे।



**उपायुक्त ने 24 मांडू निर्वाचन क्षेत्र में प्रतिनियुक्त सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पदाधिकारियों के बीच की संयुक्त ब्रीफिंग**

20 नवंबर को मांडू विधानसभा क्षेत्र में वोट डाले जाने है इसके लिए मंगलवार को संत कोलंबस कॉलेज से मतदान कर्मी ईवीएम लेकर रवाना हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय ने इस दौरान सेक्टर मेजिस्ट्रेट एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारीयों को मतदान दिवस की सावधानियों व क्रियाकलापों से अवगत कराया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि शांतिपूर्ण तथा सौहार्दपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने की जिले की स्वस्थ परंपरा रही है। विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण, भयमुक्त और निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। मतदान प्रक्रिया में नियुक्त सभी कार्मिक निष्पक्ष, निष्ठापूर्वक, प्रतिबद्धता और कर्तव्य परायणता तथा आपसी सामंजस्य के साथ चुनाव संपन्न कराएं भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रां पर वेबकास्टिंग और सीसीटीवी से निगरानी रखी जाएगी । उन्होने मांडू विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से 20 नवम्बर को शत प्रतिशत मतदान की अपील की है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी एवं जिला आपूर्ति पदाधिकारी मौजूद थे।

# टाटीझरिया में 33 बूथों में आज डालें जायगें वोट, प्रक्रिया हुई पुरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** झारखण्ड विधानसभा के द्वितीय चरण का मतदान 20 नवंबर किया जाएगा. इसमें मांडू विधानसभा का भी इसी दुसरे चरण में होगा। मांडू विधानसभा में टाटीझरिया प्रखंड भी पड़ता है। टाटीझरिया में कुल आठ पंचायत पड़ता है। जिसमें मांडू विधानसभा में पांच पंचायत डुमर, धरमपुर, टाटीझरिया, बेड़म, और डहरभंगा पड़ता है। कुल 33 बूथ पड़ता है। इसमें कुल वोटर 25702 है। इसमें पुरुष वोटर 13188 और. महिला वोटर 12514 शामिल है। सभी बूथों में तैयारी पुरी हो चुकी है। पोलिंग पार्टी भी अपने -अपने बूथ में पहुंच गई है। डुमर मध्य विद्यालय के



बूथ 361 और 362 में सभी व्यवस्था की गई। बिजली,पानी और शौचालय की व्यवस्था की जा चुकी है। पोलिंग पार्टियों को किसी तरह की दिक्कत नहीं हो इसके लिए रोजगार सेवकों को देखरेख के लिए लगाया गया है।वहीं बीडीओ रशिम खुशबू मिंज और थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी व पुलिस बल ने टाटीझरिया के सभी बूथों का जायजा लिया। सभी बुथों में पुलिस बल, सीआरपीएफ, और नगालैंड के जवान तैनात हो गए हैं, जिससे बुथों में कोई दिक्कत और परेशानी ना हो।

# जिला कांग्रेस कार्यालय में इंदिरा गाँधी की जयंती पर उन्हें किया गया याद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी की 107 वीं जयंती उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष लखराज सिंह ने कहा कि नेहरू परिवार को देशभक्ति की घूंटी मानो बचपन से ही पिलाई गई है । मोतीलाल नेहरू, जवाहरलाल नेहरू के बाद इन्दिरा गांधी ने देश को सुदृढ नेतृत्व दिया । 1971 का बंगलादेश के स्वातंर्त्य का युद्ध उनके सक्रिय सहयोग से ही जीता जा सका । महिला होते हुए भी दुर्गा देवी सी क्षमता और शक्ति का परिचय का इस कुशल राजनीतिज्ञ के जीवन ने स्वाधीनता के वर्षो में




प्रत्यक्ष अनुभव कराया । निर्गुट देशों के संगठन व विश्वशांति हेतु उनके प्रयासों को सदा याद किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश सचिव बिनोद सिंह पूर्व अध्यक्ष अबिद अंसारी महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, गोविंद राम, राजू चौरसिया, सुनिल अग्रवाल, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, अजय गुप्ता, कृष्णा कुमार यादव, सलीम रजा, रूप कुमारी टोप्पनो, बिन्दु कच्छप, दिलीप कुमार रवि, संजय तिवारी, सुनिल सिंह राठौर, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, बाबर अंसारी , कैलाश पति देव, राजीव कुमार मेहता, रविन्द्र कुमार सिंह, साजिद अली खान, रोहन ठाकुर, मनोज मोदी, अनिल भुईया, भैया असीम कुमार, दरगाही खान, सैयद अशरफ अली, सुरेन्द्र कुमार, मुस्ताक अंसारी, अजय राणा, सुरेश कुशवाहा, अजय सिंह, मो. आसिफ, नरेश गुप्ता, मिथिलेश दुबे, अमर सिंह यादव के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

# विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के द्वारा पिस्टल एवं राइफल चयन प्रक्रिया का किया गया जायगा आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तत्वाधान में मंगलवार को सुबह 11 बजे पिस्टल एवं राइफल (महिला/ पुरुष) चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया । इस चयन प्रक्रिया में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के अंतर्गत विभिन्न महाविद्यालय के प्रतिभागियों ने भाग लिया। विश्वविद्यालय की ओर से जी. एम. संध्याकालीन महाविद्यालय को इस चयन प्रक्रिया की जिम्मेवारी दी गई है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति पवन कुमार पोद्दार ने इस पिस्टल एवं राइफल चयन प्रक्रिया का शुभारंभ द्वीप प्रवज्जलित कर किया । कुलपति महोदय ने जी. एम. संध्याकालीन महाविद्यालय के उत्तम व्यवस्था और प्रबंधन की सराहना की तथा चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि भारत विश्व में सबसे ज्यादा राइफल शूटिंग में ही स्वर्ण पदक लाया है, जो भारत के लिए गौरव का पल है। उन्होंने स्वयं अपने छात्र जीवन में स्पोर्ट के प्रति समर्पित रहे है और कई स्वर्ण पदक भी हासिल कर चुके है। जी.एम. संध्याकालीन महाविद्यालय के सचिव शंभू कुमार एवं प्राचार्य विनय कुमार ने भी




सभी प्रतिभागियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर शुभकामनाएं दी। विनोबा भावे विश्वविद्यालय खेल निदेशक राखो हरि ने कहा कि विनोबा भावे विश्वविद्यालय खेल के इतिहास में नया अध्याय रचने के लिए सदैव तत्पर है। पिस्टल एवं राइफल के चयन प्रक्रिया कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनोबा भावे विश्वविद्यालय के एन.एन.एस. समन्वयक जॉनी रुफिना तिर्की, जिला राइफल एसोसिएशन के सचिव नीलेंदु जयपुरियार, जिला राइफल एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश रंजन, एन. सी. सी. 22 बटालियन के सी.ओ. कर्नल एंटोनी तथा जी. एम. संध्याकालीन महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

# हजारीबाग में ऊर्जा दक्षता पर कार्यशाला, कृषि समूहों को ऊर्जा बचत और प्रबंधन की दी गई जानकारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड रिन्युएबल एनर्जी कमवसपमेंट एजेंसी, अस्पेन इंजीकॉन प्रा लि और बीइइ के संयुक्त तत्वावधान में Krishi Vigyan Trust Hazaribagh , में एनर्जी एफीसिएंसी पर Krishi Vigyan Trust में DATE:- 30/09/2024 कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि समुह शामिल हुए। कार्यशाला में बताया कि यह कार्यशाला ऊर्जा मानक और कृषि मांग पक्ष प्रबंधन का उद्देश्य कृषि को ऊर्जा बचत के बारे में सूचित विकल्प प्रदान करना है कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए इस कार्यक्रम को दोबारा दोहराने का अनुरोध किया गया और इस कार्यक्रम से कृषि जन समुह को लाभ हुआ।

## डीसी के निर्देश पर सीओ ने किया बालू यार्ड का निरीक्षण किया



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहायक के निर्देश पर बड़कागांव में अवैध बालू कारोबार को लेकर बालू यार्ड का निरीक्षण किया जा रहा है । मंगलवार को बड़कागांव सीओ मनोज कुमार ने सुदूर ग्रामीण क्षेत्र लुकैया गांव में संचालित बालू यार्ड का निरीक्षण किया गया। मामले को लेकर सीओ ने बताया कि इस दौरान यार्ड मालिक को यार्ड से संबंधित डॉक्यूमेंट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। जब तक डॉक्यूमेंट उपलब्ध नहीं होता है तब तक बालू का भंडारण एवं उठाव पर रोक लगाई गई है।

## 281 टीबी रोगियों को एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ने दिया पोषण किट

**जमशेदपुर/धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसीसी सिंदरी और अदाणी फाउंडेशन ने मिलकर बलियापुर, धनबाद में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत 281 टीबी रोगियों को पोषण किट वितरित की। इस पहल का उद्देश्य रोगियों को अगले छह महीनों तक रिकवरी में मदद करना और उनके उपचार परिणामों को बेहतर बनाना है। पोषण किट में प्रोटीन सप्लीमेंट, विटामिन, दालें, अनाज और संतुलित आहार के साथ-साथ स्वास्थ्य देखभाल संबंधी मार्गदर्शिका शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य सेवाप्रदाताओं ने टीबी के लक्षणों, उपचार की महत्ता और उचित पोषण के महत्व पर एक शैक्षिक सत्र आयोजित किया। धनबाद की एक टीबी रोगी, मीनादेवी ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पोषण किट हमारी स्वास्थ्य स्थिति को बेहतर बनाने में मदद करेगी। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल हमारे लिए एक बड़ा समर्थन है। इस कार्यक्रम से एसीसी और अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक जिम्मेदारी को उजागर किया गया, जो स्वस्थ समुदाय के निर्माण में योगदान दे रहे हैं।

## झारखंड सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप 22-24 नवंबर तक धातकीडीह सेंटर मैदान में




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पूर्वी सिंहभूम जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन की मेजबानी में 22-24 नवंबर तक धातकीडीह सेंटर मैदान स्थित कोर्ट में 24वीं झारखंड सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप (महिला-पुरुष) का आयोजन किया जायेगा. इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य से कुल 26 टीमें शिरकत करेंगी. इसमें 15 पुरुष और 11 महिला टीम शामिल है. उक्त जानकारी मंगलवार को धातकीडीह कम्युनिटी सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में पूर्वी सिंहभूम जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह ने दी. उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 22 नवंबर को जिरेन जेवियर टोपनो (प्रमुख सीएसआर- आदिवासी संस्कृति, टाटा स्टील फाउंडेशन) करेंगे. फाइनल मैच 24 नवंबर को शाम छह बजे से फ्लड लाइट में खेला जायेगा. प्रेस वार्ता में मौजूद जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रदीप मुखर्जी ने बताया कि रोजाना दो सत्र में मुकाबले होंगे. पहला सत्र सुबह साढ़े 6 बजे से लेकर डेढ़ बजे तक चलेगा. दूसरा सत्र शाम 4 बजे से लेकर रात 10 बजे तक चलेगा. सीनियर स्टेट चैंपियनशिप के प्रदर्शन के आधार पर झारखंड टीम (महिला-पुरुष) का चयन किया जायेगा. चयनित टीम 5 जनवरी से गुजरात के भावनगर में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में शिरकत करेगी. मौके पर कोच मो निजाम, मो वसीम व रेफरी विजय उर्फ मेरींडा मौजूद थे.

# मेरू कैंप के 59 वें स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय, मेरू कैंप, हजारीबाग के 59वें स्थापना दिवस को के. एस. बन्याल, महानिरीक्षक के नेतृत्व में बडे ही जोश व उमंग के साथ मनाया गया। प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय राष्ट्रीय महत्व का दायित्व प्राप्त सीमा सुरक्षा बल का अग्रणी प्रशिक्षण संस्थान है। संस्थान की स्थापना 18 नवम्बर 1966 को लेफ्टिनेंट कर्नल आर पी मैकिलिफ द्वारा की गई। इस संस्थान में बल के कार्मिकों को न केवल पेशेवर गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण दिये जाते है जोकि कर्तव्य निर्वहन एवं बल के उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए अनिवार्य है अपितु केन्द्रीय सशस्त्र बलों, राज्य पुलिस बलों एवं आई.आर.बी. के प्रशिक्षुओं को भी कई विशेष कोर्सो में प्रशिक्षित किया जाता है। भारत सरकार द्वारा संस्थान को ÷सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स÷ की मान्यता प्रदान की गई है जिसमें सी.आई.सी.डी.ओ.व बी.डी. कोर्स शामिल है। इन्ही विशेषताओं के कारण संस्थान को आई. एस. ओ 9001-2015 प्रमाणित संस्थान का दर्जा दिया गया है।स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मेरू परिसर में सभी सीमा प्रहरियों के लिए विशेष संस्कृतिक कार्यक्रम और प्रहरी भोज का आयोजन किया गया। इस मौके पर आस-पास के सेवानिवृत्त कार्मिको को आमंत्रित किया गया। भोज में मेरू कैम्प के समस्त अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, अन्य कार्मिक एवं प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सीमा सुरक्षा बल के जॉज और ब्रास बैण्ड की रंगारंग प्रस्तुति व देशभक्ति गीतों ने प्रहरी भोज में उपस्थित कार्मिकों का दिल जीत लिया।नीतू बन्याल, बावा प्रमुख, मेरू कैम्प, हजारीबाग के नेतृत्व में परिसर में प्रहरी संगिनियों एवं बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित दोपहर भोज का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ट बावा सदस्याएं, प्रहरी संगिनियां एवं उनके परिजन बडी संख्या में उपस्थित रहे। स्थापना दिवस पर सीमा प्रिया हॉल में महानिरीक्षक महोदय की अध्यक्षता में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के दौरान बीते वर्ष बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को महानिरीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। महानिरीक्षक ने अपने संबोधन संदेश में सभी उपस्थित अधिकारिगणों एवं कार्मिकों को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही उन्होने स्थापना दिवस पर आयोजित भव्य समारोह के लिए संस्थान के संबंधित स्टाफ की सराहना की। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय की ये देशव्यापी प्रतिष्ठा आप सभी के सुयंक्त प्रयत्नों का ही परिणाम है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि संस्थान अपने उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति में निरंतर आगे बढ़ेगा और सम्पूर्ण देश में प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनी ख्याति को बनाए रखते हुए नई ऊंचाईयों को छुएगा।




# तरंग ग्रुप ने समाजसेवी विजय वर्मा और राजेश गुप्ता को मैन ऑफ चेंज अवार्ड 2024 से किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** तरंग ग्रुप ने अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर हजारीबाग के दो समाजसेवियों विजय कुमार वर्मा और राजेश गुप्ता को मैन ऑफ चेंज अवार्ड 2024 से सम्मानित किया। यह सम्मान उनके समाज सुधार में दिए गए अनूठे योगदान के लिए दिया गया। तरंग ग्रुप के निदेशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि यह पहल उन पुरुषों को पहचान देने के उद्देश्य से की गई है, जो अदृश्य रूप से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज के निर्माण में पुरुषों की भूमिका को भी समान रूप से महत्व द्व जाना चाहिए। विजय वर्मा ने हजारीबाग की लक्की लेडी स्वर्गीय जूली को सहारा देकर उनकी मृत्यु उपरांत ब्रह्मभोज का आयोजन किया, जो समाज के लिए एक मिसाल है। वहीं, राजेश गुप्ता ने अपने भाइयों के साथ मिलकर बिना किसी सरकारी मदद के कुम्हारटोली स्थित सरकारी स्कूल का नवीनीकरण किया, जहां उन्होंने बचपन में शिक्षा प्राप्त की थी। आचार संहिता के चलते यह सम्मान समारोह व्यक्तिगत रूप से आयोजित किया गया। दोनों सम्मानित व्यक्तियों ने इस अनोखी पहल के लिए तरंग ग्रुप की सराहना की। इस अवसर पर ग्रुप के सचिव अमित कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष मनोज कुमार पूरी मौजूद थे। समाज के लिए पुरुषों के योगदान को सम्मानित करने की यह पहल सराहनीय है।

# एनटीपीसी केरेडारी : अरबों की आमदनी के बावजूद विकास कार्यों में लापरवाही, जर्जर सड़कों से रैयतों में आक्रोश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड में भारत सरकार के महारत्न कम्पनी एनटीपीसी (एन एम एल) द्वारा सी एस आर मद से होने वाली बिकास कार्य को विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के भू रैयतों कई लफ्जों से नवाजा है। कई लोगों का कहना है कि एनटीपीसी क्षेत्र में बिकास कार्य दिया तले अंधेरा के तर्ज पर कर रही है तो कई भू रैयतों का आरोप है कि सीएसआर मद से होने वाले विकास कार्य लॉली पॉप की तरह है। वहीं भू रैयतों के एक बड़े वर्ग का आरोप है कि भारत सरकार के महारत्न कंपनी का चोला धारण करने वाली एनटीपीसी का रवैया रंगे सियार की तरह है। केरेडारी प्रखंड क्षेत्र में एनटीपीसी के दो दो माइंस केरेडारी व चट्टीबरियातु कोयला खनन परियोजना से अब प्रति वर्ष अरबो रुपये की आमदनी शुरू हो गयी है। इसके विपरीत अगर केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सड़कों की हालत देखी जाय तो ऐसा लगता है यहां एनटीपीसी द्वारा सीएसआर मद से सामुदायिक विकास के कार्य मे सिर्फ कोरम पूरा किया जा रहा है। सबसे पहले हम गरी कलां स्थित कंडाबेर बेलतू मोड से माता स्थान रोड़ (चार किलोमीटर) की बात करेंगे! जहां नेता से लेकर एनटीपीसी के अधिकारी भी माँ अष्टभुजी मंदिर में आस्था रखते हैं। लगभग हर माह हजारो श्रद्धालुयों का आना- जाना इस मार्ग से मंदिर तक होता है हिचकोले खाना पसंद आ रहा है पर इस सड़क को दुरुस्त कराना उचित



नही समझा है। हम दूसरी सड़क कोदवे से पाण्डु व बालेदेवरी( 8 किलोमीटर) का बात करेंगे तो यह सड़क भी इतनी खस्ता है कि राहगीरों को काफी मशकत के बाद लोचर, बसरिया,हैवई, बेंगवरी, पाण्डु, तरहेसा, टुंडा,बलिया, बालेदेवरी गांव जाना होता है, सबसे बड़ी बात है कि इसी मार्ग से केरेडारी कोयला खनन परियोजना में कार्यरत अधिकारी व वर्कर्स का जाना होता है। इस सड़क का खराब होने के पीछे कन्वेयर बेल्ट निर्माण कर रही कम्पनी एल एंड टी के भारी वाहन(50 से 100 टन भारी) हैं। रोज टेलर से भारी मशीन इसी 12 फिट चौड़ी सड़क से ले जाया जाता है। जबकि इस सड़क की लोड लेने की क्षमता मात्र 10 से 12 टन भारी वाहन तक हिं सीमित है। प्रखंड के तीसरी जर्जर सड़क की बात करें तो केरेडारी बेलचौक से पगार नोवा आहार तक की जर्जर सड़क है इस दो किलोमीटर सड़क की हालत इतनी जर्जर है कि कोई नया चालक एक बार गया तो दुबारा नही जाना चाहेगा जबकि इसी मार्ग से चट्टीबरियातु कोयला खनन परियोजना में कार्यरत अधिकारी व वर्कर्स भी इसी मार्ग से जाते हैं एनटीपीसी के प्रबंधक भी इसी मार्ग से जातें हैं पर इस सड़क को दुरुस्त करना मुनासिब नही समझा गया। और आगे चौथी सड़क की बात करेंगे तो जोरदाग से लबनिया मोड़ की ढाई किलोमीटर की जर्जर सड़क है। इस मार्ग से ट्रांसपोर्टिंग भी होता है यही कारण है कि सड़क काफी जर्जर हो गयी है तथा लगातार जाम लगा रहता है जिससे जोरदाग गांव के लोगों को केरेडारी व टंडवा जाने में बड़ी परेशानी होती है। इस सड़क का भार कम करने के लिये जोरदाग मुंडा टोली से लबनिया मोड़ तक 2.2 किलोमीटर बाईपास ट्रांसपोर्टिंग सड़क बनाई गई पर सभी रैयत जिनकी जमीन इस 2.2 किलोमीटर सड़क में गयी है कम्पनी इनके साथ ठीक से समझौता नही कर पाई नतीजा लगातार इस सड़क पर रैयतों का टेंट लगा रहता है। रैयत नॉकरी व मुआवजा की मांग करते हैं।

# ई आर एम यु पाकुड़ शाखा का त्रीमासिक सम्मेलन का आयोजन, पांच सौ रेल कर्मचारीयों ने लिया भाग







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन पाकुड़ शाखा का प्रथम त्रैमासिक सम्मेलन का आयोजन रेलवे मैदान पाकुड़ में किया गया। इस सम्मेलन के माध्यम से शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया.इस अवसर पर सम्मेलन की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष कामरेड अखिलेश कुमार चौबे ने किया। इस सम्मेलन में नलहाटी से गुमानी तक के सभी विभागों के लगभग 500 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन कोलकाता के महासचिव-सह-ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के सहायक महासचिव कामरेड अमित घोष तथा विशिष्ट अतिथि तकनीकी सहायक कामरेड प्रदीप बिट, शाखा के पूर्व सचिव सुकुमार पांडे एवं संगठन महासचिव कामरेड कौशिक जस शामिल हुए।कामरेड अमित घोष ने अपने संबोधन में शाखा के नए कार्यसमिति का स्वागत करते हुए आगामी 4,5,6 दिसंबर को यूनियन की मान्यता के लिए होने वाले चुनाव के लिए रेल कर्मियों से ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के चुनाव चिन्ह गएता छाप पर वोट देकर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन को ईस्टर्न रेलवे का सबसे बड़ा और अकेला संगठन बनाने की अपील की। उन्होंने ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के इतिहास एवं चाल चरित्र को समझाते हुए कहा कि ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस हमेशा रेलवे प्रशासन की दलाली करने का काम करती रही है।आज तक कभी भी ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के द्वारा रेल कर्मचारियों के हित के लिए कभी कोई लड़ाई नहीं लड़ी है और न ही ओपीएस के लिए कोई प्रयास किया है।आप सभी को जानकारी है कि विगत वर्ष 2023 में प्रत्येक महीने की 21 तारीख को चारों डिवीजन के द्वारा धरना, प्रदर्शन,रैली,मसाला जुलूस,उपवास का कार्यक्रम किया जाता रहा है।लेकिन मेंस कांग्रेस मूकदर्शक बनी रही।ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन की लड़ाई के कारण केंद्र सरकार द्वारा सभी संबद्ध संगठनों को एनपीएस पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया।सरकार ने एक नई पेंशन योजना एकीकृत पेंशन योजना को सामने रखा जो लगभग पुरानी पेंशन योजना जैसा था।इस यूपीएस के माध्यम से केंद्र सरकार ने सुनिश्चित पेंशन को मंजूरी दी।ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महासचिव काज़शिव गोपाल मिश्रा एवं एन एफ आई आर के महासचिव एम राघवैया ने कुछ बिंदुओं पर सहमति व्यक्त करते हुए अपनी सहमति दी है तथा केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया कि जिन बिंदुओं पर मतभेद है उसे आगे हल किया जाएगा।वही ईस्टर्न रेलवे मेंस कांग्रेस के नेता अब ओपीएस-ओपीएस कर कर्मचारियों को भ्रमित कर रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में सरकार की नई श्रमिक निति का विरोध करते हुए सरकार की फूट डालो और शासन करो कि नितियों का आलोचना करते हुए सभी कर्मचारियों से आगामी चुनाव में एक जुट होकर ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के पक्ष में मतदान करने की अपील की।मौके पर शाखा के सचिव संजय कुमार ओझा द्वारा विगत 3 वर्षो के कार्यकाल का व्योरा आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया,जिसे सभा में ध्वनिमत से पारित किया।शाखा सचिव ने सभा के समक्ष शाखा की उपलब्धियां को रखा जिस पर सभी मौजूद कर्मचारियों ने इंकलाब जिंदाबाद का नारा दिया एवं नेताओं में विश्वास जताया।मुख्य उपलब्धियों में पाकुड़ में रेलवे डॉक्टर की उपलब्धता,कम्युनिटी हॉल के लिए ढाई करोड़ की स्वीकृति,पाकुड़ हेल्थ यूनिट के लिए 2 करोड़ 20 लाख की स्वीकृति,पाकुड़ रेलवे कॉलोनी के लिए 2 करोड़ की स्वीकृति,रेल कर्मचारियों के सुविधार्थ डाउन तीनपहाड़ वर्दमान पैसेंजर का गुमानी में प्रस्थान समय का परिवर्तन,राजग्राम संटमैन का ड्यूटी रोस्टर 12 घंटा से 8 घंटा करना और कैरेज एंड वेगन विभाग में ड्यूटी रोस्टर का परिवर्तन एवं बाइक स्टैंड का निर्माण,मालगोदाम में बाइक स्टैंड का निर्माण सहित के महत्वपूर्ण उपलब्धियां का जिक्र किया एवं आगामी योजना को भी बताए जिसमें पाकुड़ कॉलोनी में चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण,पेयजल का स्थाई समाधान, मेडिकल वाहन द्वारा अलग-अलग स्टेशनों पर चिकित्सा सुविधा मुहैया करना, पाकुड़ रेलवे स्टेशन में आपातकालीन स्थिति के लिए एक एंबुलेंस की सुविधा करवाना आदि शामिल है?।शाखा सचिव की घोषणा से सभी रेल कर्मचारी उत्साहित दिखे।तदोपरांत इस सम्मेलन के पर्यवेक्षक के द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई।जिसमें अध्यक्ष काज़ अखिलेश कुमार चौबे,कार्यकारी अध्यक्ष काज़ कलीम अंसारी,उपाध्यक्ष काज़ अरुण कुमार साह,काज़ बिहारी कुमार,सचिव काज़ संजय कुमार ओझा, संयुक्त सचिव काज़ सोमेन घोष,सह सचिव निलेश प्रकाश,प्रीतम कुमार मंडल, संगठन सचिव कुंदन कुमार सिंह व गौतम यादव एवं कोषाध्यक्ष अमर कुमार मल्होत्रा तथा केंद्रीय सभासद कामरेड दयाशंकर प्रसाद,कामरेड विक्रम भारती,केंद्रीय सम्मेलन के प्रतिनिधि का भागवत प्रसाद शर्मा, काज़ सुधीर कुमार, कामरेड संतोष कुमार, kamres राम कुमार यादव, काज़ पिंटू लाल पटेल एवं कुमार विकास तथा शाखा सभासद ,कुंदन कुमार, श्यामल माल,पंकज कुमार, प्रवीण कुमार सिंह,मुकेश कुमार, निरंजन कुमार, सुमित कुमार मंडल, विकास कुमार, राकेश कुमार, बमबम ठाकुर, शिवम कुमार, नीरज कुमार, गौतम पांडे, सरफराज खान, पंकज कुमार, राकेश कुमार अमित कुमार भगत का घोषणा किया गया।

# पोलिंग पार्टियों के लिये की गई पर्याप्त व्यवस्था





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिला प्रशासन की ओर से डिस्पैच सेंटर में पोलिंग पार्टियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। पोलिंग पार्टियों को मतदान सामग्री या ईवीएम प्राप्त करने में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो, इसके लिए उनके टेबल पर मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी प्रकार के सामग्री पहुंचाया गया।

**मतदान कराने को लेकर उत्साहित दिखे मतदान कर्मी**

मतदान केंद्रों के लिए रवाना होने से पहले मतदान कर्मी खासे उत्साहित दिखे। उन्होने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनकर काफी खुशी हो रही है। हम सभी ने अपना मतदान कर दिया है, अब जिलावासियों से अपेक्षा है कि बड़ी संख्या में बूथ पर आएं और शत प्रतिशत मतदान करें।

**मतदान कर्मियों का बूथों पर किया गया स्वागत**

बूथों पर मतदान कर्मियों तथा सुरक्षा बलों का स्वागत फूलों से बीएलओ द्वारा किया गया। मतदान दलों ने स्वागत किट पाकर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को धन्यवाद किया और कहा कि हमारा स्वागत अतिथियों जैसा किया गया है

## सामान्य प्रेक्षक ने लिया आदर्श मतदान केंद्रों का जायजा

**उधवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुधवार को राजमहल विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। दरअसल उधवा प्रखंड के मोहनपुर पंचायत अंतर्गत किष्टोपुर मतदान केंद्र संख्या 290 को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है।



मंगलवार को राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक डॉ0 सी.आर प्रसन्ना ने आदर्श मतदान केंद्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर बीएलओ मीरा देवी से मतदाताओं की संख्या आदि के बारे में आवश्यक जानकारी लिया। उन्होंने मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने की अपील किया। मौके पर बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी जयंत कुमार तिवारी,मनरेगा बीपीओ गगन बापू,पंचायत सचिव मोनिका किस्कू,सुशीला किस्कू,प्रियरंजन घोष सहित अन्य मौजूद थे।

# तामिलनाडु में साइकिलिंग में शानदार प्रदर्शन पर झारखंड के खिलाड़ियों को दिया बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर झारखंड साइकलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिंह उर्फ बुल्टी एवं कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह ने विशेष तौर पर बधाई दी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए झारखंड साइकलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह ने बताया कि तमिलनाडु साइकलिंग एसोसिएशन एवं साइकलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तथा बदन में चेन्नई में 76 वां सीनियर, 53 वां जूनियर, 39 वां सब जूनियर राष्ट्रीय स्तरीय ट्रेक साइकिलिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन 15 से 19 नवंबर तक किया गया। प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से झारखंड साइकिलिंग संघ के तत्वाधान में 27 सदस्यों की




टीम ने भाग लिया। प्रतियोगिता के चौथे दिन झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वूमेन जूनियर वर्ग में स्प्रिंट 200 मीटर स्पर्धा में सरिता कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं वूमेन जूनियर टाइम ट्रायल 500 मीटर स्पर्धा में 00.38.200 सेकेंड में पूरा कर स्वर्ण पदक सरिता कुमारी अपने नाम किया।अमीर रियाज वर्ग मेन एलीट टाइम ट्रायल 1000 मीटर स्पर्धा में 01.08.533 सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया। झारखंड की साइकिलिंग की गोल्डन गर्ल सरिता कुमारी ने चौथे दिन दो स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। दो स्वर्ण एक कांस्य पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन करने पर दोनों ही खिलाड़ियों (राइडर), टीम मैनेजर व प्रशिक्षक को बधाई देते हैं। झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ. मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार, अजय मुकुल टोप्पो, विनय कुमार पांडेय, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, शिर्डी सिंह, रितेश कुमार झा, पुष्पा हसन, दिलीप गुप्ता, शशिकांत पांडेय, दीपक हेंब्रम, राजेश कुमार यादव, आशु भाटिया,ओम प्रकाश गुप्ता, सतविंदर कौर, अमित कुमार, राजकुमार महतो, नरेश कुमार, चंद्र बहादुर सिंह, लखन हांसदा आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## दुमका जिला के 4 विधानसभा सीट पर मतदान आज

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका जिले के चार विधानसभा क्षेत्र में कल बुधवार को मतदान होगा. मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है. मंगलवार को इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर से मतदान सामग्री लेकर मतदान कर्मियों को निर्धारित बूथ पर भेजा गया है. शिकारीपाड़ा विधानसभा के 10 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 से शाम 4 बजे तक इसके अलावा जिले के तमाम मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा. चार विधानसभा क्षेत्र में कुल 9,87,299 मतदाता जिले के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 261 मतदान केंद्रों पर 2,30,739 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,10,753 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,19,985 और एक ट्रांसजेंडर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. वहीं, दुमका विधानसभा क्षेत्र के 286 मतदान केंद्रों पर 2,59,784 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,27,107 महिला मतदाताओं की संख्या 1,32,676 और एक ट्रांसजेंडर मतदाता है. जामा विधानसभा कि बात करें तो यहां 270 मतदान केंद्रों पर 2,25,112 मतदाता हैं. जिसमें 1,09,973 पुरुष मतदाता, 1,15,137 महिला मतदाता और दो ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र के 300 मतदान केंद्रों पर 2,71,664 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. जिसमें 1,38,913 पुरुष मतदाता हैं जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 1,32,748 और 3 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं. ।

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय,**
**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,**
**राँची (जिला निर्वाचन शाखा)**

**:: सवैतनिक अवकाश, आम सूचना ::**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 6148, राँची, दिनांक 24.10.2024, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16.10.2024 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 6979 एवं 6980, दिनांक 21.10.2024 के आलोक में विधानसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर राँची जिला अन्तर्गत द्वितीय चरण हेतु 61–सिल्ली एवं 62–खिजरी (अ०ज०जा०) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 20.11.2024 को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इन्स्टूमेन्टस एक्ट, 1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

(1) किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।
(2) उपधारा–(1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने की कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यता किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।
(3) यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधो का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माना से, जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।
(4) यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी मतदाता जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी है, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा, जहाँ विधानसभा आम चुनाव आयोजित होने वाले है।

इसके अलावा ऐसे मामले में भी हो सकता है, जहाँ कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख (1) के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो। आदेश का उल्लंघन कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

विश्वासभाजन
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,–सह–उपायुक्त, राँची।

PR.NO.340197 Ranchi(24-25):D

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिये खेल संघ ने कराया प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** शहर के बैंक कॉलोनी में स्थित जिला स्टेडियम में मंगलवार को जिला एथेलेटिक्स संघ, जिला ओलम्पिक संघ एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रखंडों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं खिलाड़ियों ने खेल प्रतियोगिता के माध्यम से विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने हेतू प्रेरित किया। प्रतियोगिता समापन के पश्चात जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार,




जिला एथेलेटिक्स संघ के सचिव रणवीर सिंह, जिला ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष सुजीत विधार्थी,प्रकाश रावत के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं काफी मग देकर सम्मानित किया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार ने उपस्थित खिलाड़ियों को मतदान के महत्व को बताया। वहीं चुनाव आयोग के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न मोबाईल एप्प के बारे में जानकारी दी गई। वहीं पाकुड़ जिला एथलेटिक्स संघ सह जिला ओलंपिक संघ सचिव रणवीर सिंह ने खिलाड़ियों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाई। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 100 मी दौड़, 400 मी दौड़, शॉट फुट, हाई जंप, लौंग जंप, महिला वर्ग में, 100 मी दौड़ 200 मी दौड़, लौंग जंप, बालक, बालिका वर्ग में 80 मीटर दौड़ स्पर्धा का आयोजन किया गया आयोजन को सफल बनाने में जिला साइकिलिंग संघ के संयुक्त सचिव पंकज अग्रवाल, प्रवीण कुमार, प्रशिक्षक नारायण चंद्र राय, प्रशिक्षक अक्षय बाबरी आदि मौजूद थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर सेक्टर दंडाधिकारी व मतदान पदाधिकारी डिस्पैच सेंटर रामगढ़ कॉलेज से हुये रवाना





प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन में चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से सेक्टर दंडाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना किया गया।इस दौरान निर्वाचन आयोग से आए सामान्य प्रेक्षक टी वी सुभाष, पुलिस प्रेक्षक देवव्रत दास, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़, चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने डिस्पैच सेंटर पर उपस्थित रहकर कार्यों का जायजा लिया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लेने के क्रम में सभी सेक्टर दण्डाधिकारियों एवं मतदान पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने के लिए शुभकामनाएं दी वहीं उन्होंने इस संबंध में कई आवश्यक दिशा निर्देश भी सभी अधिकारियों को दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी सेक्टर दंडाधिकारियों व मतदान पदाधिकारियों को मतदान के दिन समय का विशेष रूप से ध्यान रखने एवं निर्धारित समय पर मतदान शुरू कर देने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का निर्देश दिया।मतदान संपन्न करने के लिए रवाना हो रहे हैं महिला मतदान कर्मी एवं पुरुष मतदान कर्मियों को गुलदस्ता देकर एवं फूल माला से स्वागत कर हौसला बढ़ते हुए मतदान के लिए रवाना किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ अजय कुमार ने सभी को जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 20 नवंबर 2024 को होने वाले दूसरे चरण के मतदान हेतु सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी कड़े इंतजाम किए गए हैं। यदि किसी व्यक्ति अथवा समूह द्वारा मतदान को प्रभावित करने का प्रयास नही किया जाए। इसके लिए अलग से टीम गठित कर कार्य किया जा रहा है। साथ ही संवेदनशील मतदान केंद्रों हेतु अलग से पुलिस बल प्रतिनियुक्त किए गए है। वही सभी बुथों पर मेडिकल किट के साथ मेडिकल स्टाफ को भी रखा गया है। मतदाताओं को मतदान देने में किसी तरह की असुविधा ना हो उसके लिए सभी भूतों पर वॉलिंटियर्स भी प्रतिनियुक्ति किए गए हैं।डिस्पैच के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने मतदान संपन्न कराने जा रहे हैं सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों को दिए गए प्रशिक्षण के अनुरूप निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन तिथि 13 नवंबर को प्रातः 7:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक मतदान होना है, दूसरा चरण का मतदान 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 181145पुरुष, 175848 महिला इस प्रकार कुल 356993 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के दौरान विधि व्यवस्था एवं मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु पुलिस पदाधिकारी एवं माइक्रो आब्जर्वर की भी प्रतिनियुक्ति की जा चुकी है। 23- रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 406 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं जिसके लिए 406 पोलिंग पार्टी एवं 20त्न आरक्षित पोलिंग पर्सनल्स की नियुक्ति की गई है। 23- रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन स्वच्छ एवं निष्पक्ष रूप से शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर कंट्रोल रूम 24म7 संचालित है जिसकी दूरभाष संख्या 06553 261 522, 99733 14112 है।डिस्पैच के दौरान मुख्य रूप से वरीय पदाधिकारी कार्मिक कोषांग सह उप विकास आयुक्त,वरीय पदाधिकारी ईवीएम कोषांग सह अपर समाहर्ता, निर्वाची पदाधिकारी बड़कागांव, निर्वाची पदाधिकारी रामगढ़, विभिन्न कोषांगों के वरीय पदाधिकारी,प्रभारी पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### आरसीएमयू इंटक कार्यालय में पुर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी कि मनी जयंती

## स्वतंत्रता आंदोलन में अपने पिता के साथ कदम से कदम मिलाकर चली स्वर्गीय इंदिरा गांधी : राजू यादव



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** शनिवार बाजार स्थित राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक कार्यालय में आरसीएमयू इंटक के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव के नेतृत्व में भारत कि पुर्व प्रधानमंत्री सह आयरन लेडी के नाम से विख्यात स्वर्गीय इंदिरा गांधी कि जयंती मनाई गई। वहीं सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया गया। इस दौरान आरसीएमयू इंटक के क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफ स्वतंत्रता आंदोलन में अपने पिता पुर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कदम से कदम मिलाकर चली। उन्होंने अपने जीवन-काल में कई उपलब्धियां हासिल कि। उन्हें 1972 में भारत रत्न पुरस्कार,1972 में बांग्लादेश कि स्वतंत्रता के लिए मैक्सिकन अकादमी पुरस्कार दिया गया। और साथ ही 1973 में एफएओ का दुसरा वार्षिक पदक और 1976 में नागरी प्रचारिणी हिंदी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं 1953 में इंदिरा गांधी को अमेरिका ने मदर पुरस्कार दिया। वह एक साहसी, दूरदर्शी और दूरदर्शिता वाली महिला थीं। साथ ही,उनका 20 सूत्रीय कार्यक्रम गरीबों की समृद्धि लाने का एक साहसिक तरीका था। वह एक ऐसी महिला थीं जिन्होंने भारत की प्रधानमंत्री के रूप में इतिहास रचा। एक महान आयरन लेडी के रूप में याद कि जाती है। इस मौके पर आरसीएमयू उरीमारी के शाखा अध्यक्ष सीताराम किस्कू,पोटंगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली, उरीमारी / बिरसा के विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा, एससी एसटी ओबीसी कार्उंसिल सचिव गणेश राम, डा जीआर भगत, तलो बेसरा, बाल्मिकी यादव,टहल गोप, केसी डे, जतरू बेसरा,चंदू जैसवाल, बिनोद मुंडा, रामा उरांव, कजरु उरांव, सुखदेव सोरेन, सीबू हेंब्रम, सतीश कुमार, दीपक यादव, राजू पासवान, शिवशंकर बेदिया, बिनोद प्रजापति,राधे श्याम बैठा,पप्पू यादव राकेश कुमार, इंद्रजीत दुबे आदि लोग मौजूद थे।

## सेल रांची की क्रिकेट टीम में भुरकुंडा के फ़ौजी के बेटे रोनक सिंह का हुआ चयन, दिया बधाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** सेल रांची की क्रिकेट टीम में भुरकुंडा के फ़ौजी के बेटे का चयन होने से कोयलांचल भुरकुंडावासियों में हर्ष का माहौल है। स्टील ऑथेरिटी ऑफ इंडिया (सेल) रांची यूनिट स्पोर्ट्स क्लब द्वारा 18 से 19 नवंबर को 20 क्रिकेट प्लयेर्स के चयन की प्रक्रिया रांची के मेकोन स्टेडियम में आयोजित की गई थी। ट्रायल मे 17 आयु वर्ग से 25 वर्ष तक के कुल 60 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें भुरकुंडा बंगला कुआं निवासी सह छत्तीगढ़ में पोस्टेड सीआरपीएफ़ के जवान अखिलेश कुमार सिंह के पुत्र रोनक कुमार सिंह का सेल रांची के क्रिकेट टीम में चयन हुआ है। मालूम हो कि सेल रांची की टीम रांची डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसियेसन के अंतर्गत सुपर डिवीजन लीग मैच खेलती है। शुरूआती दिनो में महेन्द्र सिंह धोनी और ईशान किशन भी सेल रांची की टीम से क्रिकेट खेल चुके हैं। 20 खिलाड़ियों के चयन के लिए सेल रांची ने सेल राउरकेला प्लांट में कार्यरत रणजी प्लयेर्स सुभाष मोहंती और एके बारिक को चीफ़ सेलेक्टर्स के तौर पर नियुक्त किया था। सेल यूनिट स्पोर्ट्स क्लब के तरफ एसजे जाचक सीजीएम एचआर (सेल रांची यूनिट), संजीव कुमार जीएम (सेल-आरडीसीआईएस), विकास कुमार जीएम (सेल-सीईटी) तथा राहुल श्रीवास्तव स्पोर्ट्स सेक्रेटरी सेल रांची ने चयनित 20 खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। मौके पर सेल रांची एसोसिएसन के एमके सिंह, एमके वर्मा, सेल रांची यूनियन के प्रिंस केरकेट्टा, केपी पात्रा तथा एसके मण्डल मौजूद थें। इधर भुरकुंडा कोयलांचल के लाल रोनक सिंह के सेल रांची की क्रिकेट टीम में चयन होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं बधाई देने वाला का तांता लगा हुआ।

## विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को सौंपा निमंत्रण पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता



**कुजू :** 20 नवंबर को होने वाले मांडू विधानसभा चुनाव को लेकर पब्लिक हाई स्कूल कुजू के विद्यार्थियों ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने कुजू क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक कर मतदाता के नाम निमंत्रण पत्र सौंपा। साथ ही, मतदाताओं को अपना अधिकार से अवगत कराते हुए 20 नवंबर को सुबह सात बजे से अपने अपने बूथ केंद्रों पर जाकर अपना मत देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक मनीषा धवन के अलावे विद्यार्थी शिवानी कुमारी, स्वयं कुमार, सुनीता कुमारी सुनैना कुमारी, अविनाश कुमार, विशाल कालिंदी, प्रिया स्नेहा का सराहनीय योगदान रहा।

## स्वीप अंतर्गत वोटर अवेयरनेस को लेकर एस एस प्लस टू स्कूल गोला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप कोषांग द्वारा मंगलवार मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से एस एस प्लस टू हाई स्कूल गोला में मतदाता जागरूकता रैली कार्यक्रम आयोजन किया गया इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों द्वारा क्षेत्र के 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को मतदान तिथि 20 नवंबर दिन बुधवार को प्रातः 7:00 बजे से संध्या 5:00 बजे तक चलने वाली मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया साथ ही रैली के माध्यम से सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में भागीदार बनने और निष्पक्ष रूप से मतदान करने हेतु के अपील भी की गई। रैली के दौरान स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा रामगढ़ करेगा वोट 20 नवंबर, पहले मतदान फिर जलपान के नारे से मतदान करने की अपील की गई।

## मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री के साथ किया जा रहा रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रामगढ :** विधानसभा निर्वाचन 2024 में रामगढ़ विधानसभा निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न करने के उद्देश्य से रामगढ़ कॉलेज रामगढ़ में बनाए गए डिस्पैच सेंटर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो एवं वरीय पदाधिकारी मतपत कोषांग सह अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री के साथ रवाना किया जा रहा है।

## इनर व्हील क्लब का रामगढ़ में डीसी अलकनंदा बक्शी का हुआ ऑफिशीयलि विजिट



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ :** इनर व्हील क्लब का रामगढ़ के सदस्यों के द्वारा डीसी अलकनंदा बक्शी का जोरदार तरीका से डॉक्टर मनवीर कौर के यह स्वागत एवं अभिनंदन किया गया । ओंकार मिशन में 12 पेशंटों का इनर व्हील क्लब के द्वारा द निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया गया तथा सभी 12 पेशेंट को कंबल एवं फूड पैकेट का वितरण किया गया स्पाइस गार्डन स्थित मे डॉ अलकनंदा बक्शी का सामाजिक अभिनंदन एवम ऑफिशल क्लब विजिट का आयोजन किया गया जिसमें अलकनंदा बक्शी ,क्लब अध्यक्ष पिंकी पोद्दार ,सचिव नवेलजीत कौर,एडिटर प्रियंका जैन,जसमीत सोनी के द्वारा सामूहिक रूप से क्लब बुलेटिन का रिलीज किया गया। प्रियंका जैन ने बताया बुलेटिन में क्लब के द्वारा कार्य किए गए का उल्लंघन हैं बक्शी ने इनर व्हील रामगढ़ के द्वारा कार्य का सराहना की था सामाजिक दायित्व का परिचय इनर व्हील क्लब रामगढ़ के द्वारा बहुत सुंदर तरीके से किया हैं इ। इस मौके पर पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर,प्रियंका जैन,जसमीत सोआदिबनी,मनबीर कौर,नमिता श्रॉफ,नीरू साहनी जसविंदर होरा ,निधि अग्रवाल सुमन सोनी ,बलविंदर कौर,दीपा वाड्रा,पिंकी गांधी,ममता अग्रवाल, रंजू अग्रवाल आदि लोग मौजूद थे।

# मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त माइक्रोऑब्जर्वर, सुपरवाइजर, असिस्टेंट को दिया गया प्रशिक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त 72-लोहरदगा (एसटी) निर्वाचन क्षेत्र में डाले गए वोटों की गिनती 23 नवंबर 2024 (शनिवार) को कृषि बाजार समिति, लोहरदगा प्रांगण में होगी जिसे लेकर सभी प्रतिनियुक्त माइक्रोऑब्जर्वर, सुपरवाइजर, असिस्टेंट का प्रशिक्षण आज मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की गरिमामय उपस्थिति में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पोस्टल बैलेट की स्पेशल स्ट्रांग रूम से निकासी व ईवीएम-वीवीपैट की बज्रगृह से निकासी के बाद वोटों की गिनती की जानी है। पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती के लिए 12 टेबल और ईवीएम-वीवीपैट के मतों की गिनती के लिए 18 टेबल बनाये गए हैं। मतों की गिनती भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार ही किया जाना है। सभी प्रपत्रों को सही तरीके से भरा जाना है। ईवीएम-वीवीपैट के मतों की गिनती सुबह 8 बजे से की जाएगी। आज के प्रशिक्षण में निर्वाची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी)-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी 72-लोहरदगा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत मतगणना के लिए प्रतिनियुक्त सभी कर्मी उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई मीडिया कोषांग/मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मीडिया कोषांग/मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अखबारों में छपी पेड न्यूज से संबंधित मामलों पर आवश्यक विचार-विमर्श किया गया। तथा पेड न्यूज की पहचान कर उम्मीदवार के व्यय खाता में जोड़ने तथा आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। बैठक में 71-कोलेबिरा आर0ओ0 -सह-अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र, 70 सिमडेगा आर0ओ0-सह-अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, नोडल पदाधिकारी मीडिया कोषांग -सह- जिला जन-संपर्क पदाधिकारी श्री पलटू महतो एवं पी.टी.आई. संवाददाता मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

## सोलर जलापूर्ति योजना में गुणवत्ता को ताक पर रख कर कार्य को दिया अंजाम, बच्चों को पेयजल संकट गहराया

**भंडरा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के भंडरा प्रखंड के आम जनता पेयजल संकट का सामना करता ही है,परंतु इस पेयजल संकट से मासूम भी पीछे नहीं है। इसके पीछे प्रखंड प्रशासन की नाकामी कहे या स्थानीय जनप्रतिनिधियों की लापरवाही। भंडरा बाजार टांड़, मवि भंडरा व कुंबाटोली आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पेयजल संकट का सामना करना ना पड़े, साथ ही केंद्र संचालन में किसी भी तरह से सेविका-सहायिका को परेशनियों का सामना करना नहीं पड़े। इसी उद्देश्य से 14 वीं वित्त आयोग योजना से सोलर जलापूर्ति योजना का शुभारंभ किया गया था, पर सोलर जलापूर्ति योजना में गुणवत्ता को ताक पर रख कर कार्य को अंजाम दिया गया। नतीजा योजना के शुरू होने के एक माह बाद से ही योजना दम तोड़ गई। जिसका खामियाजा आंगनबाड़ी सेविका व स्थानीय ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। जबकि इस योजना को पंच वर्षीय योजना के तहत खराब होने पर मरम्मत किया जाना था, पर कुछ लोगों का यह भी मानना है कि मेंटेनेंस की राशि की निकासी भी हो गई है। योजना की मरम्मत भी नहीं हुई है। बहरहाल इस मामले में सच्चाई कितनी है। किसी अधिकारी द्वारा जांच करने के बाद ही सच्चाई का पता चल सकता है। इस मामले में जिला परिषद सदस्य भंडरा राजमनी उरांव कहती है कि इस मामले में वरीय अधिकारियों से बात कर समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## गर्भवती युवती की दवा खाने से मौत, सात महीने पहले की थी यौन शोषण की शिकायत




**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चांदो तेतरिया टोला की युवती 21 वर्षीया कविता कुमारी पिता सुकन सिंह की गर्भावस्था में दवा खाने से मौत हो गयी। युवती कई महीने से गर्भवती थी। उसे सर्दी खांसी हुई थी। शादी नहीं होने के बावजूद गर्भवती होने के कारण वह समाजिक लोक लाज के कारण किसी अच्छे डाक्टर से नहीं दिखाकर स्थानीय मेडिकल स्टोर से दवा ले ली थी। दवा खाते ही उसकी तबियत बिगड़ी और फिर उसने दम तोड़ दिया। युवती का शव मेदिनीनगर के रामनगर गैस गोदाम के पास मंगलवार सुबह 10 बजे योगेन्द्र ठाकुर के मकान से बरामद किया गया। इस मकान में युवती का भाई और भाभी किराये पर रहते हैं। एमआरएमसीएच में डेड बॉडी का पोस्टमार्टम किया गया। शहर थाना पुलिस को सूचना मिली कि योगेंद्र ठाकुर के घर में 21 वर्षीय कविता कुमारी पिता सुकन सिंह का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और डेड बॉडी को बरामद किया। एमआरएमसीएच में पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है परिजनों का बयान लिया गया है।बताते चलें कि कविता कुमारी यौन शोषण का शिकार थी। 09.04.2024 को कविता जिले की एसपी रीष्मा रमेशन को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी थी। दरअसल, कविता का आरोप था कि चांदो के भुइयां राजा टोला के धनेश्वर कुमार पिता राजमोहन सिंह उसके साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध स्थापित किया। बार बार शादी करने के लिए बोलने पर टाल मटोल कर रहा था। अंत में शादी करने से मुकर गया और सूचना मिली कि 21.4.2024 को दूसरी जगह शादी कर रहा है। युवती ने शादी रोकने एवं कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। इसी तरह उसने चैनपुर थाना को भी आवेदन दिया था, लेकिन परिजन का आरोप है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा युवती गर्भवती हुई और फिर दवा खाने से उसकी मौत हो गयी। परिजनों का आरोप है कि आरोपी युवक पर शादी का दबाव बनाने पर गत गुरूवार को धनेश्वर और उसके परिवार के लोग चांदो युवती के घर आ धमके थे और मारपीट की थी। इसके भय से युवती अपनी भाभी के घर शुक्रवार से रह रही थी। परिजन ने आरोपी युवक एवं उसके परिजनों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# डीसी एवं एसपी सिमडेगा सहित अन्य अधिकारियो ने किया मतगणना केंद्र एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार दोराईबुरु, 71- कोलेबिरा आर0ओ0 -सह-अपर समाहर्ता श्री ज्ञानेन्द्र कुमार, 70- सिमडेगा आर0ओ0 -सह-अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री पवन कुमार महतो ने सिमडेगा कॉलेज, सिमडेगा में बनाए गए मतगणना केंद्र एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ने वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ष्टद्बस्न्न कंपनी कमांडर को सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त सिमडेगा ने मतगणना से संबंधित की जा रही तैयारियां के संबंध में उपस्थित पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने मतगणना कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, उम्मीदवार, लेबर, ऑफिसर आदि का आगमन हेतु अलग-अलग बैरिकेटिंग करने साथ ही सभी काउंटिंग एजेंट, लेबर एवं ऑफिसर का अलग-अलग रंग में आईडी कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। साथ ही मतगणना के दिन कार्यरत कर्मियों के लिए फूड पैकेट, पीने की पानी, ईवीएम मशीन सील करने की व्यवस्था आदि को समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पार्किंग व्यवस्था, वाहन एंट्री पास, मीडिया गैलरी बनाने सहित अन्य तैयारियों को समय से पूर्ण कर लेने की बात कहीं। मौके पर कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण श्री अमृत मिंज, अंचलाधिकारी सदर सिमडेगा मो0 इम्तियाज, डीएसपी रविकांत साव एवं अन्य कर्मी गण उपस्थित थे।

# वर्षो बाद रमना प्रखंड के पशुपालको को मिल रही है, सरकारी पशु चिकित्सा सुविधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** वर्षो बाद रमना प्रखंड के पशुपालको को सरकारी पशु चिकित्सा, सुविधा और मुफ्त दवाएं मिलने लगी है। जिससे पशुपालको, को पशु सम्बन्धित होने वाले बीमारियों के रोकथाम की जानकारी और निःशुल्क दवा और ईलाज से मवेशीयो की बीमारी व मरने की संख्या पर रोक लगेगी। जिससे पशुपालक को आर्थिक नुकसान नहीं उठाना पड़ेगा।जानकारी के अनुसार रमना प्रखंड में करीब 15-16 वर्ष पूर्व ही पशु अस्पताल बना था। जिसमे कुछ दिनों तक पशु चिकित्सक भी रहे। लेकिन उसके बाद अभी एक वर्ष पूर्व से ही इस पशु अस्पताल में फिर से भ्रमणशील चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति हुई है। जिससे पशुपालको को पशु बीमारी सम्बन्धित उपचार किया जाता है और सरकार द्वारा उपलब्ध दवा भी अवश्यक्तानुसार वितरण किया जाता है। भ्रमणशील चिकित्सक चंदन चौधरी ने कहा की पशुओ के उपचार सम्बन्धित दवा का स्टॉक उपलब्ध है। पशु पालकों को पशु बीमारी संबंधित उपचार और बचाव की पूरी जानकारी दी जाती है।पशु पालक बेहिचक केंद्र में आकर पशु बीमारी का निदान और रोकथाम की

# पुराने पंचायत भवन को किया गया क्षतिग्रस्त, जांच में जुटा प्रशासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखंड कार्यालय के समीप पुस्तकालय सह वेंडिंग जोन निर्माण के दौरान पुराने पंचायत भवन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। नगर पंचायत द्वारा चल रहे इस निर्माण कार्य को लेकर विवाद बढ़ गया है। अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि चंद्री मौजा स्थित खाता संख्या 70 एवं प्लॉट संख्या 41 पर 12 डिसमिल भूमि में यह निर्माण कार्य हो रहा है। जांच में पाया गया कि संवेदक ने ग्रामीण विकास विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना ही कार्य शुरू कर दिया और वर्षों पुराने पंचायत भवन को तोड़ दिया।सीओ ने कहा कि निर्माण कार्य में अधिकृत भूमि से अधिक क्षेत्र का उपयोग किया गया है। जांच जारी है और दोषी संवेदक पर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बिना एनओसी के निर्माण करना मनमानी दर्शाता है।

### इंदिरा गांधी ने पूरे विश्व में भारत का मनवाया था लोहा : विधायक भुषण बाड़ा

# विधायक भुषण बाड़ा ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जंयती मनाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कांग्रेस विधायक भुषण बाड़ा के नेतृत्व में कई कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जंयती मनाई। मौके पर विधायक ने स्व इंदिरा गांधी के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इसके बाद विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी के आदर्शो को अपना कर चलने का संकल्प लिया। मौके पर भुषण बाड़ा ने कहा कि गरीबी मुक्त भारत इंदिरा का एक सपना था। आज भी वह सपना साकार नहीं हो पाया है। सभी लोगों को भारत से गरीबी को मिटाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए, ताकि उनके सपने को हकीकत में तब्दील किया जा सके। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी एक मजबूत और दृढ़ इरादे वाली पीएम थीं। यही कारण है कि आज भी उन्हें आयरन लेडी के नाम से जाना जाता है। उनके कार्यकाल में कोई भी बाहरी ताकत हमारे देश की तरफ साजिश तक रचने की हिम्मत नहीं कर सकी। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में पड़ोसी देश को नाकों चने चबाने पड़े थे। विधायक ने कहा कि आज जैसे देश के हालात हैं, अगर इंदिरा गांधी जीवित होतीं, तो शायद ऐसे हालात नहीं होते। इसका उदाहरण बांग्लादेश को आजाद कराने से मिलता है। उनके कार्यकाल में पार्टी का काफी विस्तार हुआ। उनके कार्यकाल में देश को विश्व स्तर पर एक नई पहचान मिली। पूरे विश्व में भारत का लोहा मनवाया। वह देश की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं जिन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान दिया। उन्होंने उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। मौके पर मो समी आलम, सुनील सिंह, शकील अहमद, मो इम्तियाज, मो अरमान, तनवीर खान, मो अरशद, मो अमजद, मो अफजल आदि उपस्थित थे।

## सांप काटने से महिला की हालत गंभीर



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भवनाथपुर के केतार स्थित मुकुंदपुर गांव की निवासी उर्मिला देवी को मंगलवार देर शाम सांप काटने से गंभीर हालत में भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक रंजन कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि उर्मिला देवी अपने घर में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान अंधेरे में एक जहरीले सांप ने उनकी अंगुली पर काट लिया। जिससे उनकी स्थिति गंभीर हो गई।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो में बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग आयोजित

➲बीडीओ छंदा भट्टाचार्या ने किया बालिकाओं का मार्गदर्शन

➲रुपवान होकर नहीं, गुणवान होकर समाज का मार्गदर्शन करें : बीडीओ






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मंगलवार को आयोजित बालिका व्यक्तित्व विकास वर्ग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्या ने दीप प्रज्वलन व भारत माता के तस्वीर पर पुष्पार्चन करके किया। इससे पूर्व विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षिका और बालिका व्यक्तित्व विकास प्रमुख रीता यादव द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र और पुष्पगुछ देकर सम्मानित किया। जीवन से संबंधित समस्यायों,उनके निदान और विकास के विषय में विस्तार से बीडीओ ने चर्चा किया। बालिकाओं से उन्होंने वर्ग में कहा, रुपवान नहीं गुणवान होकर समाज का मार्गदर्शन करें। अपने रूचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करके अपने मंजिल प्राप्त करने कि सलाह दिया। आत्मनिर्भर बनना सभी के लिए अतिआवश्यक है। गृहणि बनकर रहना भर लक्ष्य ना रखें बल्कि कुशल नागरिक बनने के लिए प्रयत्न करें। मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के साथ सभी शिक्षक वृन्द उपस्थित थें।

### परदेश की खाक छानते गुजरती थी जिंदगी, अब बेरोजगारों को दिखा रही राह

# भंडरा की रहने वाली बसंती ने स्वरोजगार से जीवन को बनाया खुशहाल

➲गो-पालन, बकरी पालन व सूक्ष्म सिंचाई योजना से बदली किस्मत

➲हर साल रोजगार की तलाश में परिवार के साथ करती थी पलायन

अब हर महीनें हजारों रुपये की कर रही हैं कमाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भंडरा-लोहरदगा :** नारी को घर की लक्ष्मी यूं ही नहीं कहा जाता है।नारी चाह लें, तो अपने दृढ़ संकल्प के दम पर घर में सुख समृद्धि की बरसात कर दें, साथ ही घर समाज में प्रतिष्ठा भी स्थापित कर गुजरती है। जिले के भंडरा प्रखंड के कसपुर गांव की रहने वाली बसंती उरांव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। कभी रोजगार की तलाश में परदेश की खाक छानने वाली बसंती आज आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर हो चुकी है। इससे अब इसका परदेश जाना बंद हो गया और तो और अन्य दूसरी महिलाओं के लिए एक मिशाल बन कर उभरी है। बसंती गो-पालन, बकरी पालन, कृषि के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ चुकी है। इससे इनकी आर्थिक स्थिति में काफी बदलाव हुआ है। साथ ही परिवार के लोगों की दशा भी काफी सुधर चुकी है। इन बातों को इनके पति भी सहज स्वीकार करते है। इससे इन्हे सालाना डेढ़ से दो लाख रुपए की आमदनी होती है। बता दें की बसंती उरांव वर्ष 2017 के नवंबर माह में गांव के ही ज्योति आजीविका सखी मंडल से जुड़ी थी। इससे पूर्व वह यूपी के ईट भट्ठे में काम करने जाती थी। महिला समूह में जुड़ने के बाद बसंती समूह से दस हजार का ऋण लेकर सर्वप्रथम दो बकरी लेकर बकरी पालन की शुरुवात की। इसके बाद अब इसके पास 20 से अधिक बकरियां है। इसके बाद मानों इसकी किस्मत ही बदल गई। इसके उपरांत उन्होंने सूक्ष्म सिंचाई के माध्यम से खेती को भी अपना जीविका का आधार बना लाखों की आमदनी करने वाली एक कुशल महिला किसान बन चुकी है। इसके साथ ही अब बसंती गो-पालन से जुड़ अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सफल रही। इस तरह इनके कार्यो को देख हर कोई इनकी सराहना कर रहे है। महिला समूह से जुड़ सैकड़ों की संख्या में महिलाएं आज स्वरोजगार से जुड़ चुकी है। जेएसएलपीएस संस्था का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देना ही संस्था का उद्देश्य।

# जी-20 में इस साल भारत की जीडीपी सबसे तेज




**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितता और तनाव के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था इस साल 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। यह वृद्धि दर 20 देशों के समूह यानी जी-20 में सबसे तेज होगी। इस दौरान बड़े देशों की वृद्धि दर तीन फीसदी से भी नीचे रह सकती है। आंकड़ों के अनुसार, भारत की सबसे तेज विकास दर की उपलब्धि इसकी मजबूत अर्थव्यवस्था के बूते होगी। वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने बेहतर प्रदर्शन के क्रम को जारी रखा है। जी-20 में भारत के बाद इंडोनेशिया की जीडीपी सबसे तेज यानी पांच फीसदी की दर से बढ़ेगी। उसके बाद चीन की अर्थव्यवस्था 4.8 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। एकमात्र देश अर्जेंटीना है जिसकी जीडीपी विकास दर में 3.5 फीसदी की गिरावट आने की आशंका जताई गई है। रूस की जीडीपी 3.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी तो ब्राजील, अफ्रीका और तुर्किये की जीडीपी तीन-तीन फीसदी की दर से बढ़ सकती हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था के 2.8 फीसदी की दर से और कोरिया की 2.5 फीसदी की दर से बढ़ने की उम्मीद है। मैक्सिको और सऊदी अरब की अर्थव्यवस्था 1.5-1.5 फीसदी की दर से बढ़ सकती हैं। यूरोपीय संघ और दक्षिण अफ्रीका की विकास दर 1.1-1.1 फीसदी रहने की उम्मीद जताई गई है। रेटिंग एजेंसी मूडीज का मानना है कि अगले साल भारत 6.6 फीसदी की दर से बढ़ सकता है। 2026 में यह दर 6.5 फीसदी रहने की उम्मीद जताई गई है। चालू वर्ष में 7.2 फीसदी का अनुमान है।

## नगर आयुक्त के निर्देश पर चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नगर आयुक्त ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में विभिन्न स्थानों पर लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर:** नगर आयुक्त जावेद हुसैन के निर्देश पर मंगलवार को सिटी मैनेजर कुमार अनुराग के नेतृत्व में नगर निगम प्रशासन द्वारा सिंचाई कॉलोनी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान झोपड़ीनुमा सीमेंटेड दुकानों को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया।

**क्या है पूरा मामला :** दरअसल,विगत कुछ दिनों से आमजनों द्वारा सिंचाई विभाग कॉलोनी में अतिक्रमण की शिकायत नगर निगम प्रशासन को किया गया था जिसके बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा जांच में पाया गया कि सड़क के एक तरफ कुछ दुकान अवैध रूप से बनाया गया है जहां आये दिन असामाजिक तत्व नशा करते हैं जिससे कि आमजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। नगर निगम के जांच में अतिक्रमण की पुष्टि हुई जिसके पश्चात बुलडोजर के माध्यम दुकानों को ध्वस्त किया गया। इस संबंध में नगर आयुक्त ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में विभिन्न स्थानों पर लगातार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है आगे भी शहर में इस तरह का अभियान चलाया जाएगा।

## प्रदूषण से हुआ सांस पर संकट

**500 पर पहुंचा दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता सूचकांक**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में हर तरफ धुआं-धुआं है। राष्ट्रीय राजधानी के क्षेत्रों में एक्यूआई 500 पर पहुंच गया। ऐसे में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) ने अपने पुराने दिशा-निर्देशों को याद दिलाते हुए कहा है कि यह प्रदूषण का आपातकाल है। ऐसी स्थिति में इन्सानों के लिए वायु प्रदूषण और भी ज्यादा जोखिम भरा हो जाता है। यह सीधे तौर पर मस्तिष्क, फेफड़े, दिल और आंखों के साथ साथ किडनी और त्वचा को भी प्रभावित करने लगता है। इसकी वजह से मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। इसलिए सभी जिला अस्पतालों से लेकर मेडिकल कॉलेजों तक को अलर्ट पर रखने के लिए कहा है। एनपीसीसीएचएच ने आम लोगों को सलाह दी है कि सुबह-शाम खिड़की दरवाजों को बंद रखें। बहुत जरूरी होने पर दोपहर 12 से शाम चार बजे के बीच ही इन्हें खोल सकते हैं। फ्लैट्स में रहने वाले लोग मच्छर भगाने वाली क्वाइल और अगरबत्ती जलाना तत्काल बंद कर दें। इस समय एन-95 मास्क भी फेल हो सकता है, क्योंकि हवा में पीएम 2.5 का स्तर 700 से भी ज्यादा पहुंचा है। ऐसे में एन-95 के स्थान पर एन-99 मास्क लगाना ही फायदेमंद हो सकता है।उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब और राजस्थान के लिए जारी आदेश में कहा गया है कि जिन इलाकों में प्रदूषण का स्तर सबसे ज्यादा गंभीर है, वहां के अस्पतालों में श्वसन संबंधी परेशानियों से ग्रस्त मरीजों की जानकारी अलग से रखी जाए। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के अनुसार, प्रदूषण की वजह से आंखों में जलन या फिर सांस लेने में तकलीफ होती है।

भारत निर्वाचन आयोग Election Commission of India

मतदान की तारीख
20 नवम्बर 2024
दिन बुधवार

मताधिकार-सपरिवार

| AC No. | AC Name |
|---|---|
| 1 | Rajmahal |
| 2 | Borio (ST) |
| 3 | Barhait (ST) |
| 4 | Litipara (ST) |
| 5 | Pakur |
| 6 | Maheshpur (ST) |
| 7 | Sikaripara (ST) |
| 8 | Nala |
| 9 | Jamtara |
| 10 | Dumka (ST) |
| 11 | Jama (ST) |
| 12 | Jarmundi |
| 13 | Madhupur |
| 14 | Sarath |
| 15 | Deoghar (SC) |
| 16 | Poreyahat |
| 17 | Godda |
| 18 | Mahagama |
| 23 | Ramgarh |
| 24 | Mandu |
| 28 | Dhanwar |
| 29 | Bagodar |
| 30 | Jamua (SC) |
| 31 | Gandey |
| 32 | Giridih |
| 33 | Dumri |
| 34 | Gomia |
| 35 | Bermo |
| 36 | Bokaro |
| 37 | Chandankiyari (SC) |
| 38 | Sindri |
| 39 | Nirsa |
| 40 | Dhanbad |
| 41 | Jharia |
| 42 | Tundi |
| 43 | Baghmara |
| 61 | Silli |
| 62 | Khijri (ST) |

कोई मतदाता न छूटे

Voter Helpline 1950 | CEO Office Toll Free No. 18003311950 | फॉलो करें @ceo.jharkhand/ | ceo.jharkhand.gov.in पर लॉग ऑन करें

PR NO-340174 (Election) 24-25

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA

लोकतंत्र का भाग्य विधाता
होता जागरूक मतदाता

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
VIDHANSABHA ELECTION 2024

SVEEP

आपका वोट अमूल्य है
इसका प्रयोग अवश्य करें।

विधानसभा आम चुनाव 2024

मतदान की तिथि 20 नवम्बर, 2024 (बुधवार) याद रखें

"लोकतंत्र के महा उत्सव की हो रही तैयारी, इसमें चाहिए समस्त साहेबगंज वासियों की भागीदारी!"




मतदान करने के लिए पहचान दस्तावेज

1. निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)

वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज

2. आधार कार्ड
3. मनरेगा जॉब कार्ड
4. बैंकों/डाकघरों द्वारा निर्गत फोटोयुक्त पासबुक
5. श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत निर्गत स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड
6. ड्राईविंग लाइसेंस
7. पैनकार्ड
8. एन.पी.आर के अन्तर्गत आर.जी.आई द्वारा निर्गत स्मार्ट कार्ड
9. भारतीय पासपोर्ट
10. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज
11. केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गये फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र
12. सांसदों/विधायकों/विधानस परिषद सदस्यों को जारी किये गये सरकारी पहचान-पत्र
13. यूनिक डिसएबिलिटि आई.डी. (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार

SVEEPSAHIBGANJ | Sveep_Sahibganj | SVEEPSAHIBGANJ

जिला निर्वाचन पदाधिकारी, साहेबगंज

पत्रांकः- 68/मी0को0 दिनांकः- 19.11.2024